


बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) में एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 30 अप्रैल 2026 दिन - गुरुवार वर्ष-14 वां पृष्ठ - 12 अंक - 92 मूल्य - 5 रुपये









## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सराहनीय पहल

# किसी भी समय, कहीं भी पहुंचेंगे हेलीकॉप्टर से और करेंगे गेहूं उपार्जन केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण



जगप्रेरणा बालाघाट।

***पुरे देश में अब तक जो कभी किसी मुख्यमंत्री या मंत्री ने भी नहीं किया, वह काम अब मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करने जा रहे हैं। प्रदेश में पहली बार ऐसी नायाब शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने प्रदेश***

के किसानों को उचित सम्मान और सुविधा के साथ उनके साथ गेहूं खरीदी में कहीं कोई अन्याय तो नहीं हो रहा, यह देखने के लिये प्रदेश के किसी भी धान उपार्जन केन्द्र में किसी भी समय और किसी भी दिन पहुंचकर खुद आकस्मिक निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव यह भी देखेंगे कि निर्देशानुसार शासन-प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सभी सुविधाएं किसानो को प्राप्त हो रही है या नहीं। किसानों भाइयों के लिये उपार्जन केन्द्रों में उपलब्ध सुविधाएँ उपार्जन केन्द्र पर किसानों की सुविधा के लिए पीने का पानी, बैठने के लिए छायादार स्थान, जन सुविधाएं आदि की व्यवस्थाएं की गई हैं।

किसानों को समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय में किसी प्रकार की परेशानी न हो एवं उपज विक्रय के लिए इंतजार न करना पड़े इसके लिये किसानों को जिले के किसी भी उपार्जन केन्द्र पर उपज विक्रय करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। किसानों को गेहूँ की तौल के लिये इंतजार नहीं करना पड़े इस हेतु उपार्जन केन्द्रों में तौल कांटों की संख्या बढ़ाकर 6 कर दी गई है और अधिक तौल कांटे बढ़ाने की सुविधा अब जिलो को दी गई है ।

गेहूँ के लिये एफएक्यू मापदंड में शिथिलता प्रदान की गई है। चमक विहीन गेहूँ की सीमा 50 प्रतिशत तक की गई है। सूकड़े दाने की सीमा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत तक की गई है। क्षतिग्रत दानों की सीमा बढ़ाकर 6 प्रतिशत तक की गई है। किसानों के उपज की तौल समय पर हो सके इसके लिये बारदाने, तौल कांटे, हम्माल तुलावटी, सिलाई मशीन, कम्प्यूंटर, नेट कनेक्शन, कूपन ,गुणवत्ता परीक्षण उपकरण, उपज की साफ-सफाई के लिए पंखा, छन्ना आदि व्यवस्थाएं उपार्जन केन्द्र पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। उपार्जन केन्द्र की क्षमता अनुसार उपज की तौल की जा सके एवं अधिक से अधिक किसानों से उपार्जन किया जा सके, इसके लिये उपार्जन केन्द्रों पर प्रतिदिन, प्रति उपार्जन केन्द्र पर गेहूं विक्रय के लिये स्लॉट बुकिंग की क्षमता 1000 क्विंटल से बढ़ाकर 2250 क्विंटल किया गया है , इसे जिले और अधिक बढ़ा कर प्रति केन्द्र 3000 क्विंटल कर सकते हैं।

गौरतलब है कि किसानों से 2585 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा 40 रुपये प्रति क्विंटल बोनस राशि सहित 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं का उपार्जन किया जा रहा है। किसानों की सुविधा के लिए खरीदी के लिये प्रत्येक शनिवार को भी स्लॉट बुकिंग एवं उपार्जन का कार्य जारी रहेगा। किसानों के हित में सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी किसानों तक पहुँचाने के उद्देश्य से जनसंपर्क विभाग द्वारा तैयार किये गये पोस्टर एवं बैनर उपार्जन केन्द्रों में लगाये गये हैं।

# पश्चिम बंगाल में दो चरण में हुए चुनावों में रिकॉर्ड 92.47 प्रतिशत मतदान..

नई दिल्ली। (भाषा)।

***निर्वाचन आयोग ने बुधवार को बताया कि पश्चिम बंगाल में दो चरण में हुए विधानसभा चुनावों में रिकॉर्ड 92.47 प्रतिशत मतदान हुआ है, जो स्वतंत्रता के बाद से सबसे अधिक है।***

शाम 7.45 बजे तक, पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों के दूसरे चरण में मतदान प्रतिशत 91.66 रहा। 23 अप्रैल को हुए पहले चरण के चुनावों में मतदान प्रतिशत 93.19 रहा था। आयोग ने कहा, ''दोनों चरणों में कुल मतदान प्रतिशत 92.47 प्रतिशत रहा है।'' पश्चिम बंगाल में 6.81 करोड़ मतदाता हैं।

इससे पहले, राज्य में सबसे अधिक मतदान 2011 के विधानसभा चुनावों में 84.72 प्रतिशत दर्ज किया गया था। इस चरण में महिला मतदाताओं की भागीदारी पुरुषों की तुलना में थोड़ी अधिक रही। निर्वाचन आयोग के अनुसार, कुल महिला मतदाताओं में से 92.28 प्रतिशत ने मतदान किया, जबकि पुरुषों का प्रतिशत 91.07 रहा।

नौ अप्रैल को असम और पुडुचेरी में क्रमशः 85.38 प्रतिशत और 89.83 प्रतिशत मतदान हुआ, जिससे अब तक के सबसे अधिक मतदान का रिकॉर्ड टूट गया।

आयोग के अनुसार, इससे पहले तमिलनाडु में सबसे अधिक मतदान भागीदारी 78.29 प्रतिशत (2011 के विधानसभा चुनाव) और पश्चिम बंगाल में 84.72 प्रतिशत (2011) था। दोनों राज्यों में, मतदान में पुरुषों की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक रही।

तमिलनाडु में 23 अप्रैल को सभी 234 सीटों पर मतदान हुआ था, जहां कुल 5.73 करोड़ मतदाता हैं। वहीं पश्चिम बंगाल की 152 सीटों पर, जहां बृहस्पतिवार को मतदान हुआ, वहां कुल मतदाताओं की संख्या लगभग 3.6 करोड़ है।







# नर्सिंग की पढ़ाई के बाद रजिस्ट्रेशन नंबर नही मिलने से सरदार पटेल कॉलेज की नर्सिंग छात्राओं का भविष्य अधर में..

### ओबीसी नेता सौरभ लोधी की उपस्थिति में छात्राओं ने लगाए यूनिवर्सिटी पर धोखाधड़ी के आरोप..

### तो वही बोले दिवाकर सिंह.. काऊंसिल के रजिस्ट्रार की चूक से हो रही दिक्कत.. जल्द ही होगा समाधान..



■ प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी ओबीसी महासभा प्रदेश अध्यक्ष सौरभ लोधी के साथ उपस्थित शिकायतकर्ता छात्राएं..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिला मुख्यालय में आज 29 अप्रैल को सरदार पटेल यूनिवर्सिटी में बीएससी नर्सिंग की छात्राओं ने ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ लोधी के नेतृत्व में स्थानीय सर्किट हाऊस में उपस्थित होकर बालाघाट के डोंगरिया में स्थित सरदार पटेल यूनिवर्सिटी से बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई के बाद नर्सिंग***

काऊंसिल से रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं मिलने के कारण शासकीय नौकरी में पात्रता से वंचित होने का दुखड़ा सुनाते हुए सरदार पटेल यूनिवर्सिटी की ओर से अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने और धोखाधड़ी किये जाने के आरोप लगाए। छात्रा माधुरी बोहरे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि उन्होंने 2020 में सरदार पटेल यूनिवर्सिटी में एडमिशन लिया था, तथा गरीब परिस्थितियों में कर्जा लेकर परिवार ने जैसे जैसे पढ़ाया लेकिन अब भविष्य खतरे में नजर आ रहा है। इसी प्रकार बरघाट की निवासी छात्रा अंकिता बोपचे ने भी अपनी ऐसी ही दयनीय स्थिति होने की बात कही, तथा कहा कि यदि प्रायवेट हॉस्पिटल में नौकरी के लिये जाते हैं, तो 3-4 हजार में हमें जॉब ऑफर होता है, क्योंकि बीएससी नर्सिंग के बाद भी हमारे पास नर्सिंग काऊंसिल का रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं है। छात्रा अंकिता ने आगे यह भी बताया कि सरदार पटेल यूनिवर्सिटी से इस संबंध में अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है, और वो पिछले 8 महीनों से हमें घुमा रहे हैं, इसके कारण हमारे पास से जॉब के अवसर निकलते जा रहे हैं। गोंदिया महाराष्ट्र की निवासी छात्रा भावना पांचे ने भी अपनी शिकायत के साथ ही सवाल किया कि क्या नर्सिंग काऊंसिल से सरदार पटेल यूनिवर्सिटी को मान्यता प्राप्त नहीं थी, और यदि नहीं थी तो फिर हमारे भविष्य से खिलवाड़ करते हुए हमें क्यों एडमिशन दिया गया।

## ■ बोले सौरभ लोधी..

ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ लोधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह सभी बच्चे बीएससी नर्सिंग के हैं, जिनको नर्सिंग का रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं मिलने के कारण अब ये अपने आपको ठगा महसुस कर रहे हैं। इनकी पढ़ाई, इनका बीता हुआ वर्ष, इनकी मेहनत और इनके हजारों रुपयों का नुकसान हुआ है। इस मामले में सवाल यह उठता है कि क्या सरदार पटेल यूनिवर्सिटी द्वारा बिना नर्सिंग काऊंसिल की अनुमति के इन बच्चों को अपने विश्वविद्यालय में प्रवेश दे दिया, और यदि ऐसा किया गया है तो यह छात्र छात्राओं के साथ धोखाधड़ी है। सौरभ लोधी ने यह भी कहा कि जिस तरह से इन बच्चों की शिकायत सामने आई है, हमे शंका है कि सरदार पटेल यूनिवर्सिटी की तरह ही बालाघाट में और कितनी ऐसी संस्थाएं है जो कि बगैर नर्सिंग काऊंसिल में पंजीयन के छात्र छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है, इसकी जांच होनी चाहिये। सौरभ लोधी ने छात्र छात्राओं से पूरी तस्दीक के बाद ही किसी भी यूनिवर्सिटी या कॉलेज में एडमिशन लेने के मामले में छात्र छात्राओं से सावधानी से निर्णय लेने का भी आहवान किया।

## तो करेंगे भोपाल में आंदोलन..

सौरभ लोधी ने आगे यह भी कहा कि यदि इन छात्राओं को उनका रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं दिया गया, तो वे समस्त छात्र छात्राओं के साथ ओबीसी महासभा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर सरदार पटेल यूनिवर्सिटी पर कार्यवाही करने और छात्र छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ को लेकर माननीय उच्च न्यायालय में सरदार पटेल यूनिवर्सिटी के खिलाफ याचिका भी दायर कर कड़ी सजा दिये जाने की मांग करेंगे।

## ■ बोले दिवाकर सिंह..

छात्राओं द्वारा बीएससी नर्सिंग के बाद रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं मिलने से परेशान छात्र छात्राओं के संदर्भ में चर्चा किये जाने पर सरदार पटेल यूनिवर्सिटी के चांसलर दिवाकर सिंह ने जगप्रेरणा को बताया कि छात्राओं को उनका रजिस्ट्रेशन नंबर जो नहीं मिल पाया है, वह नर्सिंग काऊंसिल की तकनीकि त्रुटियों के कारण प्राप्त नहीं हो सका है। यूनिवर्सिटी की ओर से जो एनओसी की बात कही जा रही है, तो यहां हम बता दें कि किसी भी यूनिवर्सिटी को एनओसी की आवश्यकता ही नहीं होती। छात्राओं को गुमराह किया जा रहा है। दिवाकर सिंह ने यह भी बताया कि नर्सिंग काऊंसि ल की ओर से जो रजिस्ट्रेशन संबंधी कार्यवाही किये जाने संबंधी कार्यवाहीयों में जो लापरवाहीयां की जा रही है, उसके कारण प्रदेश की अन्य यूनिवर्सिटी भी हतप्रभ है, तथा इस मामले में सभी यूनिवर्सिटीज का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही माननीय मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल महोदया से मुलाकात कर नर्सिंग काऊंसिग को त्वरित कार्यवाही के लिये निवेदन करेगा, जिस पर जल्द ही समाधान हो सकेगा। दिवाकर सिंह ने आगे यह भी कहा कि छात्राओं को हमारी ओर से नहीं बल्कि नर्सिंग काऊंसिल के कारणों से परेशानीयां हो रही है।

## ■ आखिर कब तक मिल पायेगा छात्राओं को इंसाफ..

गौरतलब है कि छात्राओं ने नर्सिंग क्षेत्र में अच्छी नौकरी का सपना संजोकर कड़ी मेहनत से पढाई करके कोर्स तो कंपलिट कर लिया, लेकिन अब भी उनके पास रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं होने से वे शासकीय नौकरियों में आवेदन के लिये अपात्र हैं, जबकि इस स्थिति में यूनिवर्सिटी की ओर से नर्सिंग काऊंसिल में कार्यवाही लंबित बताया जा रहा है, लेकिन जब तक छात्राओं को उनका रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं मिल जाता, छात्राओं के सामने इंतजार के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा, जबकि इस स्थिति में सरदार पटेल यूनिवर्सिटी अब छात्राओं के डुबते भविष्य को बचाने के लिये क्या करेगा, तथा क्या नर्सिंग काऊंसिल अपनी लंबित कार्यवाही को गति प्रदान कर विषय संदर्भ में कब तक अंतिम निर्णय घोषित करेगा, देखने वाली बात होगी।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# इसरो से प्रशिक्षण प्राप्त कर अंतरिक्ष अनुसंधान के हुनर सीखकर लौटी इशू पटले

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***विज्ञान और प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में जिले के लिए गर्व का एक और सुनहरा अध्याय जुड़ गया है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरीकलां से कक्षा 12वीं की मेधावी छात्रा ईशु पटले पिता गणेश पटले का चयन***

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम 'युविका-2026' में हुआ है। यह उपलब्धि न केवल इशू पटले और विद्यालय ही नहीं बल्कि पूरे जिले और प्रदेश के लिए सम्मान का विषय है।

देशभर में **STEM** (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में इस वर्ष कुल 456 विद्यार्थियों का चयन किया गया, जिनमें मध्य प्रदेश राज्य से छात्र-छात्राएं शामिल हैं। इन चुनिंदा विद्यार्थियों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरीकलां की प्रतिभाशाली छात्रा इशू पटले का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। खास बात यह भी है कि जबलपुर संभाग के सिवनी जिले के विकास खंड बरघाट से 3 छात्र चयनित हुए हैं।




यह उपलब्धि उनकी असाधारण प्रतिभा और समर्पण को दर्शाती है। विद्यालय के शिक्षक कोमल गढ़पाल द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि युविका कार्यक्रम में चयन के लिए कई स्तरों पर कठिन मानदंड निर्धारित होते हैं, जिनमें शैक्षणिक उत्कृष्टता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में रुचि के आधार पर ईशु पटले ने इन सभी मानकों पर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन, कड़ी मेहनत और विज्ञान शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन से सफलता प्राप्त की। उनकी विज्ञान के प्रति जिज्ञासु प्रवृत्ति और सीखने की लगन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत ईशु को इसरो द्वारा 07 दिनों का विशेष प्रशिक्षण 20/04/26 से 27/04/26 तक दिया गया। इस दौरान उन्हें इसरो की प्रमुख वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं बैंगलोर, चेन्नई व श्रीहरिकोटा के साथ चुनिंदा म्यूजियमों का भ्रमण करने, अंतरिक्ष अनुसंधान, रॉकेट प्रक्षेपण, उपग्रह प्रक्षेपण आदि की बारीकियों को समझने और आधुनिक तकनीकों को करीब से देखने का अवसर मिला। इतना ही नहीं, उन्हें देश के शीर्ष वैज्ञानिकों के साथ संवाद करने और उनसे सीधे सीखने का अनमोल अवसर भी प्राप्त होगा, जो उनके भविष्य को नई दिशा देगा।

इशू पटले की इस ऐतिहासिक सफलता पर विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्य संजय वाहने, विज्ञान विभाग के शिक्षकों और समस्त स्टाफ ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य ने कहा कि इशू की उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी।

# चोरी की वारदात में फरार अफरोज उर्फ बिजली के एक और साथी चोर को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

### चोरी का मशरुका किया गया जप्त..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा चोरी एवं नकबजनी के अपराधों के रोकथाम के लिए प्रयासरत हैं जिनके कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक***

दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सचिन परते के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों की धरपकड़ करते हुए आम आदमी को राहत पहुंचाने का प्रयास किया जाता रहा हैं जो इसी क्रम में चोरी की 101 घटना का खुलासा कोतवाली पुलिस ने किया है।



उल्लेखनीय है कि दिनांक 21/04/2026 को प्रार्थी मनीष कुमार माथुरे पिता प्रेमनाथ माथुरे निवासी संजय वार्ड साई मंदिर बजरंग चौक सिवनी द्वारा रिपोर्ट लेख कराई गई कि इसके मकान से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा दिनांक 19/ 04/ 2026 से दिनांक 21/04/2026 के 16.00 बजे के मध्य घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात एवं नकदी 35000/- रुपये चोरी कर लेने की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 0310/2026 घारा 331(4), 305 **(A)** बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। उपरोक्त नकबजनी की घटना को अंजाम देने वाले दोनो आरोपी अफरोज उर्फ बिजली और नवील खान से मशरुका सोने, चांदी के जेवर एंव नकदी विधिवत जप्त कर उक्त दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर जिला जेल सिवनी में निरुध्द किया गया है आरोपी अफरोज उर्फ बिजली का एक साथी दरान अमन उके घटना उपरान्त प्रकरण का मशरुका चांदी के जेवर लेकर फरार हो गया था। फरार आरोपी की तलाश पतासाजी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित कर आरोपी अमन उके पिता राजेश उके उम्र 20 साल निवासी एफसी. आई. गोदाम रोड से शेष मशरुका चांदी के जेवरो को विधिवत् जप्ती की जाकर आरोपी अमन उके को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल सिवनी भेजा गया है।

पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड पूर्व में भी आरोपी अमन उके पिता राजेश उके उम्न 20 साल निवासी एफसी. आई. गोदाम रोड सिवनी के विरूध्द थाना कोतवाली सिवनी में नकबजनी, सट्टा और मारपीट 03 प्रकरण पंजीबध्द है।

**जप्ती**–अपराध क्रमांक 310/2026 धारा 331(4), 305 **(A)** बीएनएस के अपराध में एक जोडी पायल चांदी की जिसका वजन 221 ग्राम जिसकी कीमत लगभग 37,000/- रुपये, एक चांदी की करधन जिसका वजन 233.36 ग्राम जिसकी कीमत लगभग 49,000/- रुपये एक लाल रंग की हीरो होन्डा कम्पनी की मोटरसाईकल जिसकी कीमत लगभग 50,000/- कुल कीमती 1,36,000/- **गिरफ्तार आरोपी**– अमन उके पिता राजेश उके उम्र 20 साल निवासी एफसी. आई. गोदाम रोड सिवनी।

### सराहनीय कार्य..

थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी, सउनि जयदीप सेंगर, प्र. आर. मुकेश गोडाने, संजय यादव, आर. प्रतीक बघेल, सिध्दार्थ दुबे, सतीश इनवाती की विशेष भूमिका रही हैं।

# आई. पी. एल. मैच पर सटटा लगाते एक और सटोरी कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में..

### नकदी एवं एक एड्राइड मोबाइल फोन जप्त..

### एक अन्य आरोपी प्रफुल्ल यादव की तलाश जारी..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता जुआ-सट्टा एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त है जिनके नेतृत्व में समय- समय पर कोतवाली पुलिस द्वारा जुआ-सट्टा रेड़ कार्रवाई की जाती रही हैं,***

इसी क्रम में एडिशनल एस.पी. दीपक मिश्रा एवं एस.डी.ओ.पी. सचिन परते के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खेल रहे एक सटोरी को घेराबंदी कर रेड़ कार्रवाई करते हुए धर दबोचा।

दिनांक 27/04/2026 को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि पॉलिटेक्निक कॉलेज के पीछे सिवनी में एक व्यक्ति आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा खेल रहा है सूचना पर तत्काल टीम गठित कर मुखबिर के बताये स्थान पर जाकर घेराबंदी की गई जो एक व्यक्ति आईपीएल का मैच देख रहा था एवं इंटरनेट साइट पर कुछ ट्रांजेक्शन कर रहा था जो पुलिस को देखकर मोबाइल छुपाने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया एवं नाम पता पूछने पर अपना नाम शुभम पटेल पिता राजेन्द्र पटेल उम्र 29 साल निवासी शिवमंदिर के पास अकबर वार्ड बारापत्थर सिवनी का रहना बताया पूछने पर डूण्डासिवनी निवासी प्रफुल यादव के लिये कमीशन पर स्वयं के मोबाईल न. पर व्हाट्सअप एप के माध्यम से ऑनलाईन चैटिंग कर लेकर दिल्ली कैपिटल एवं रॉयल चैलेंजर बैंगलोर के आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा खिलाना बताने पर दो एंड्राइड फोन एवं अवैध तरीके से आर्थिक लाभ अर्जित की गई राशी कुल 5100/- रुपये विधिवत् जप्त कर आरोपियों के विरूध्द सुसंगत धाराओं के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है उक्त प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

**जप्ती**– एक वन पल्स कम्पनी का एंड्राइड फोन कीमती 20000/- रुपये एवं नकदी 5100/- रुपये। **गिरफ्तार आरोपी**– शुभम पटेल पिता राजेन्द्र पटेल उम्र 29 साल निवासी शिवमंदिर के पास अकबर वार्ड बारापत्थर सिवनी। **फरार आरोपी**– प्रफुल यादव निवासी टैगोर वार्ड डूण्डासिवनी सिवनी।

### सराहनीय कार्य..

थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी, प्र.आर. मुकेश गोडाने, सतीश इनवाती, प्रतीक बघेल विशेष भूमिका रहीं हैं।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे मो. 9329033433

# नाले में डूबने से एक बुजुर्ग की मौत..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***किंदरई थाना क्षेत्र के गोकलथाना गांव में एक बुजुर्ग की नाले में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान रतनलाल पन्द्रे (75) के रूप में हुई है।***

घटना बुधवार सुबह लगभग 11 की है। जानकारी के अनुसार मृतक रतनलाल पन्द्रे (75), निवासी ग्राम गोकलथाना, अपने मवेशियों को चराने गांव के बाहर गए थे। इसी दौरान वे पास के एक नाले में नहाने उतरे। बताया गया है कि नाले में पानी का स्तर अधिक था, जिससे उनका संतुलन बिगड़ा और वे गहरे पानी में डूब गए।

### संतुलन बिगड़ने से गहरे पानी में डूबे..

घटना के समय आसपास कोई मौजूद नहीं था, जिससे उन्हें बचाया नहीं जा सका। कुछ देर बाद ग्रामीणों को जानकारी मिली तो वे मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक बुजुर्ग की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने तत्काल किंदरई थाना पुलिस को सूचित किया।

### पुलिस ने पीएम के लिए भेजा शव..

सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने आवश्यक पंचनामा कार्रवाई कर मर्ग कायम किया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और आगे की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में यह मामला दुर्घटनावश डूबने का प्रतीत हो रहा है।

किंदरई थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है मामले की जांच जारी है।

# कक्षा 5 वीं एवं 8वीं की पुनः परीक्षा 01 से 06 जून 2026 तक होगी आयोजित..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि शासन के आदेशानुसार जिले की समस्त शासकीय, मान्यता प्राप्त अशासकीय, अनुदान प्राप्त शालाओं एवं मदरसों में अध्ययनरत***

कक्षा 5वीं एवं 8वीं के विद्यार्थियों की पुनः परीक्षा सत्र 2025-26 का आयोजन दिनांक 01 जून से 06 जून 2026 तक निर्धारित समय-सारणी के अनुसार किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि निर्देशानुसार मुख्य परीक्षा में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए विषयवार अतिरिक्त शिक्षण की व्यवस्था विद्यालय स्तर पर सुनिश्चित की जाएगी। सभी पात्र विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को तत्काल सूचना देकर प्रतिदिन अतिरिक्त कक्षाएं संचालित की जाएंगी, जिससे विद्यार्थी पुनः परीक्षा हेतु बेहतर तैयारी कर सकें। जिन विद्यार्थियों द्वारा पूर्व में प्रोजेक्ट कार्य पूर्ण नहीं किया गया है अथवा जिनके प्रोजेक्ट में 7 से कम अंक प्राप्त हुए हैं, ऐसे विद्यार्थियों से संबंधित विषय के शिक्षक द्वारा प्रोजेक्ट कार्य पूर्ण कराया जाएगा तथा उसका मूल्यांकन कर प्राप्तांक परीक्षा पोर्टल पर दर्ज किए जाएंगे।

सभी पात्र विद्यार्थियों को पुनः परीक्षा में सम्मिलित कराने की संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित संस्था प्रमुख एवं शिक्षकों की होगी। साथ ही परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने की व्यवस्था भी विद्यालय स्तर से सुनिश्चित की जाएगी। पुनः परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र केवल जनशिक्षा केंद्र स्तर पर निर्धारित किए गए हैं। पूर्व वर्ष की भांति निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर ऑन-द-स्पॉट प्रश्नपत्र प्रिंटिंग की व्यवस्था लागू रहेगी। इसके लिए परीक्षा से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी जनशिक्षा केंद्र प्रभारी को सौंपी गई है।

जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों, संस्था प्रमुखों एवं शिक्षकों को निर्देशित किया है कि जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें, जिससे परीक्षा प्रक्रिया सुचारु एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सके।

# मुख्यमंत्री करेंगे उपार्जन केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण, व्यवस्थाओं की लेंगे जमीनी जानकारी

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आने वाले दिनों में प्रदेश के विभिन्न उपार्जन केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री किसी भी समय, किसी भी स्थान पर पहुंचकर गेहूँ उपार्जन की व्यवस्थाओं का जायजा ले सकते हैं***

और किसानों से सीधे संवाद कर वास्तविक स्थिति की जानकारी लेंगे। मुख्यमंत्री का फोकस इस बात पर रहेगा कि शासन-प्रशासन द्वारा निर्धारित सभी सुविधाएं किसानों तक सही ढंग से पहुंच रही हैं या नहीं। साथ ही उपार्जन प्रक्रिया में पारदर्शिता, गति और सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देशों के पालन की भी समीक्षा की जाएगी।

### किसानों के लिए उपार्जन केन्द्रों पर प्रमुख सुविधाएं :

किसानों के लिए पीने के पानी, छायादार बैठने की व्यवस्था एवं अन्य जनसुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए किसी एक केन्द्र तक सीमित नहीं रखा गया है, वे जिले के किसी भी उपार्जन केन्द्र पर विक्रय कर सकते हैं। तौल में देरी न हो इसके लिए तौल कांटों की संख्या बढ़ाकर 6 कर दी गई है, आवश्यकता अनुसार और बढ़ाने के अधिकार जिलों को दिए गए हैं। एफएक्यू मानकों में राहत देते हुए चमक विहीन गेहूँ की सीमा 50 प्रति., सूकड़े दाने 10 प्रति. और क्षतिग्रस्त दाने 6 प्रति. तक स्वीकार्य किए गए हैं। केन्द्रों पर बारदाना, हम्माल, तुलावटी, सिलाई मशीन, कंप्यूटर, इंटरनेट, गुणवत्ता परीक्षण उपकरण सहित सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

प्रतिदिन उपार्जन क्षमता 1000 क्विंटल से बढ़ाकर 2250 क्विंटल की गई है, जिसे जिले 3000 क्विंटल तक बढ़ा सकते हैं। किसानों से गेहूँ की खरीदी 2585 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य तथा 40 रुपये बोनस सहित कुल 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। शनिवार को भी स्लॉट बुकिंग और उपार्जन कार्य जारी रहेगा। जनसंपर्क विभाग द्वारा तैयार पोस्टर एवं बैनर के माध्यम से किसानों को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। मुख्यमंत्री के संभावित औचक निरीक्षण को देखते हुए जिला प्रशासन और संबंधित विभागों को सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# जनगणना-2027: मकान सूचीकरण कार्य के दौरान अवकाश पर प्रतिबंध..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***भारत की जनगणना-2027 के अंतर्गत जिले में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का महत्वपूर्ण कार्य 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक किया जाएगा।***

यह राष्ट्रीय स्तर का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, जिसे निर्धारित समयावधि में पूर्ण करना अनिवार्य है।कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती नेहा मीना द्वारा जारी आदेश के अनुसार, इस अवधि में जनगणना कार्य में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश पर प्रतिबंध रहेगा। जारी निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि केवल विशेष परिस्थितियों में ही अवकाश स्वीकृत किया जा सकेगा, जिसके लिए संबंधित अधिकारी को कलेक्टर से पूर्व अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

प्रशासन ने सभी विभाग प्रमुखों एवं कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया है कि वे जनगणना कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करें, ताकि कार्य निर्धारित समय सीमा में सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा सके।

# कोटपा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण आयोजित

### अधिकारियों-कर्मचारियों को दी गई विस्तृत जानकारी..




**जगप्रेरणा सिवनी।**

***स्वास्थ्य विभाग एवं नगरपालिका परिषद द्वारा नगरीय क्षेत्र में तंबाकू नियंत्रण कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से मानस भवन,***

सिवनी में सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 **(COTPA-2003)** विषय पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं जिला नोडल अधिकारी (तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम) सहित नगर पालिका परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को **COTPA-2003** के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी गई, जिसमें सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध, शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध, तंबाकू उत्पादों के विज्ञापन पर रोक तथा उल्लंघन की स्थिति में दंडात्मक प्रावधान शामिल हैं। म.प्र. वॉलन्ट्री एसोसिएशन, इंदौर के प्रतिनिधि श्री नयन पाण्डेय ने तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए कानून के सख्त पालन की आवश्यकता बताई।

उन्होंने कहा कि नियमित निरीक्षण, चालानी कार्यवाही एवं जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से नगरीय क्षेत्र में तंबाकू नियंत्रण को प्रभावी बनाया जा सकता है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में **COTPA-2003** के प्रावधानों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

साथ ही सभी से तंबाकू निषेध अभियान में सक्रिय सहभागिता करते हुए शहर को तंबाकू मुक्त बनाने में सहयोग की अपील की गई।

### श्रम कानूनों के प्रभावी अनुपालन के लिए श्रम स्टार रेटिंग सिस्टम लागू..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

श्रम पदाधिकारी सिवनी द्वारा बताया गया कि शासन द्वारा राज्य के श्रमिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कल्याण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। श्रम सेवा पोर्टल के माध्यम से पंजीकृत कारखानों, दुकानों एवं अन्य वाणिज्यिक संस्थानों के लिए विभाग ने श्रम स्टार रेटिंग सिस्टम लागू किया है। उन्होने बताया कि यह प्रणाली एक स्व-मूल्यांकन आधारित, निष्पक्ष एवं स्वचालित तंत्र है, जिसके अंतर्गत संस्थानों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर उनके श्रम कानूनों के अनुपालन स्तर का मूल्यांकन किया जाता है और उन्हें स्टार रेटिंग प्रदान की जाती है। इस पहल के माध्यम से न केवल श्रम कानूनों के प्रभावी पालन को प्रोत्साहन मिल रहा है, बल्कि अनुपालन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सरल एवं उत्तरदायी भी बन रही है। इसके सकारात्मक परिणामस्वरूप कार्य-संस्कृति में सुधार, श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा के दायरे का विस्तार तथा संस्थानों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिला है। श्रम विभाग द्वारा सभी संबंधित संस्थानों एवं कारखानों से अपील की जाती है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस सुविधा का लाभ उठाएं तथा श्रम स्टार रेटिंग सिस्टम का उपयोग कर अपने संस्थानों में श्रम कानूनों के अनुपालन को और अधिक सुदृढ़ बनाएं।

### नेशनल लोक अदालत 09 मई को..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

09 मई 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय सिवनी, तहसील न्यायालय लखनादौन एवं व्यवहार न्यायालय केवलारी, छपारा एवं घंसौर में किया जाएगा। आयोजित नेशनल लोक अदालत में लंबित समझौते योग्य आपराधिक प्रकरण, समस्त प्रकार के दीवानी प्रकरण, पारिवारिक विवाद, चेक बाउंस प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, विद्युत संबंधी मामले तथा बैंक ऋण वसूली एवं जलकर वसूली के पूर्ववाद प्रकरणों का आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर निराकरण किया जाएगा।

आमजन एवं पक्षकारों से अपील की गई है कि वे नेशनल लोक अदालत का लाभ उठाते हुए अपने प्रकरणों का निराकरण आपसी समझौते से कराएं, जिससे समय एवं धन दोनों की बचत हो सके।

सिवनी मे जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करे..
हसीब मोहम्मद
7898530101

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039


कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर,
शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800



जग प्रेरणा
# शहर बालाघाट
● गर्रा ● भटेरा ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
मनोज सचदेव
मो. 94258-22975


## देवी तालाब के संरक्षण को लेकर एनजीटी सख्त, नगर पालिका को दिए समयबद्ध कार्यवाही के निर्देश

जगप्रेरणा बालाघाट।

***राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) के सेंट्रल जोन, भोपाल द्वारा प्रकरण क्रमांक 130/2025 (सीजेड) श्री द्वारकानाथ चौधरी एवं अन्य विरुद्ध म.प्र. शासन एवं अन्य में पारित आदेश दिनांक 27 अप्रैल 2026 के पालन को लेकर प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। इस संबंध में अनुविभागीय दण्डाधिकारी***

बालाघाट श्री गोपाल सोनी ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद बालाघाट को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। जारी पत्र में कहा गया है कि हत्रज्ञ के आदेश की कंडिका 56(2) एवं (3) के तहत देवी तालाब के संरक्षण और जीर्णोद्धार के लिए तत्काल एवं समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इसके अंतर्गत तालाब की नियमित सफाई, ठोस एवं प्लास्टिक कचरे के निष्पादन पर पूर्ण प्रतिबंध तथा खरपतवारों को वैज्ञानिक तरीके से हटाने की कार्ययोजना तैयार कर क्रियान्वित करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसके अलावा तालाब की परिधि में स्थानीय प्रजातियों के पौधों का सघन वृक्षारोपण करने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि भविष्य में अतिक्रमण या प्राकृतिक कारणों से होने वाले नुकसान की भरपाई की जा सके। इस संपूर्ण कार्य के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर जिला आर्द्रभूमि संरक्षण समिति, बालाघाट से उसका परीक्षण एवं अनुमोदन कराने को कहा गया है। नगर क्षेत्र में जल प्रदूषण रोकने के लिए रूक्रञ्ज 2.0 एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्रस्तावित सीवरेज नेटवर्क कनेक्शनों की स्थापना तथा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण और संचालन में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए हैं। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि किसी भी स्थिति में अशोधित जल जल निकायों में प्रवाहित न हो। प्रशासन ने नगर पालिका को निर्देशित किया है कि सभी बिंदुओं पर आवश्यक कार्यवाही कर निर्धारित समयसीमा में पालन प्रतिवेदन इस कार्यालय एवं एनजीटी भोपाल को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

## मुख्य सचिव श्री जैन ने वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा



जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने 29 अप्रैल को वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से सभी जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान***

उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। इस वीडियों कांफ्रेंस में कलेक्टर श्री मृणाल मीना, पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ, वनमण्डलाधिकारी श्री रेशम सिंह धुर्वे, अपर कलेक्टर श्री डीपी बर्मन एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य सचिव श्री जैन ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि प्रदेश स्तर पर सभी योजनाओं का डाटा एकत्र कर जिलेवार रैंकिंग तैयार की जा रही है।

सभी जिले के अधिकारी प्रयास करें कि वे अपनी रैंकिंग अच्छी बनाये और बॉटम के जिलों में न रहें। शासन द्वारा योजनाओं के अंतर्गत जनकल्याण के लिए राशि उपलब्ध करायी जा रही है। अतः इसका लाभ आमजन तक पहुँचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। अस्पतालों में साफ-सफाई बनी रहें और डॉक्टर्स समय पर उपस्थित रहे इसका विशेष ध्यान रखा जाए। पेयजल की कहीं पर भी समस्या नही आना चाहिए और सभी को शुद्ध पेयजल मिलना चाहिए। समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी के केंद्रो पर छाया, पानी की सुविधा उपलब्ध करायी जाए, जिससे किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो। जो निर्माण कार्य स्वीकृत हो गए है उन्हें गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराया जाए।

बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि कोई भी बच्चा शाला में प्रवेश से वंचित नही रहना चाहिए। शालाओं में शत प्रतिशत बच्चों का पंजीयन अनिवार्य रूप से होना चाहिए। शालाओं में बालिका शौचालय एवं पानी की व्यवस्था होना चाहिए। इसी प्रकार आंगनवाडी केंद्रो के 03 से 06 वर्ष आयु के बच्चों को शाला पूर्व शिक्षा के लिए शाला में दर्ज कराये।

**बैठक में पशुपालन विभाग के वृंदावन ग्राम योजना, ग्रामीण विकास योजना, जल गंगा संवर्धन अभियान, धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान, जल जीवन मिशन, वन अधिकार अधिनियम के तहत पट्टा वितरण, क्षय उन्मूलन, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने, समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन, सडक दुर्घटना के घायलों के लिए पीएम राहत योजना, श्रमयोगी मानधन योजना, जनगणना-2027, कानून व्यवस्था एवं अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई।**

## बालाघाट जिले में शराब सिंडिकेट की मनमानी पर लगाम लगाने क्यूआर कोड का 'डिजिटल पहरा'..

### 10 दिन तक आबकारी विभाग का चलेगा विशेष सर्च ऑपरेशन..

### क्यूआर कोड चस्पा न करने वाले लायसेंसियों पर गिरेगी गाज..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रदेश की मदिरा दुकानों पर हो रही मनमानी वसूली और नियमों के उल्लंघन को रोकने के लिए अब तकनीक और सख्ती करने का निर्णय लिया है। विभाग के संज्ञान में आया है कि कई जिलों में शराब की दुकानों पर न केवल अधिकतम विक्रय मूल्य एमआरपी से अधिक दाम वसूले जा रहे हैं, बल्कि प्रतिस्पर्धा के चलते न्यूनतम विक्रय मूल्य एमएसपी से कम पर भी मदिरा बेची***

जा रही है। इस गंभीर अनियमितता को विभागीय निर्देशों की खुली अवहेलना मानते हुए आबकारी आयुक्त श्री दीपक सक्सेना ने अब हर मदिरा दुकान पर 'क्यूआर कोड' चस्पा करना अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था उपभोक्ताओं को सशक्त बनाएगी, जिससे वे मौके पर ही अपने स्मार्टफोन से स्कैन कर ब्रांड की वास्तविक और कानूनी दरों का सत्यापन कर सकेंगे। अब हर मदिरा दुकान पर ई-आबकारी पोर्टल द्वारा जनरेटेड क्यूआर कोड लगाना अनिवार्य है। इसे स्कैन करते ही उपभोक्ता के मोबाइल पर संबंधित जिले की रेट लिस्ट खुल जाएगी। कोई दुकान संचालक यदि निर्धारित एमएसपी से कम या एमआरपी से ज्यादा पर बिक्री करता है, तो मध्यप्रदेश राजपत्र की कंडिका 21.2 एवं 21.3 के तहत उसके विरुद्ध लाइसेंस निरस्तीकरण जैसी कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। उपभोक्ता अब सीधे मौके पर ही रेट का मिलान कर सकेंगे। यह कदम उपभोक्ताओं को पारदर्शी सेवाएं देने की दिशा में एक बड़ा बदलाव है। ई-आबकारी पोर्टल के माध्यम से जिला अधिकारियों को विशेष क्यूआर कोड उपलब्ध कराए गए हैं, जिन्हें दुकानों के प्रमुख हिस्सों पर लगाना होगा। कोई लायसेंसी यदि इन नियमों की अनदेखी करता है या निर्धारित दरों से अलग बिक्री करता पाया जाता है, तो उसे भारी दंड का सामना करना पड़ेगा।

मदिरा उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर उत्पाद उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी पारदर्शिता को जमीन पर उतारने के लिए प्रदेश भर में 28 अप्रैल 2026 से 7 मई 2026 तक एक विशेष 10 दिवसीय जांच अभियान चलाया जा रहा है, जिसकी रिपोर्ट 11 मई तक अनिवार्य रूप से तलब की गई है।

मदिरा दुकानों पर विक्रय मूल्यों के सत्यापन हेतु चस्पा किये जाने वाले क्यूआर कोड सम्बन्धी निर्देश में कहा गया है कि क्यूआर कोड को ए-3 आकार के स्टिकर पेपर पर प्रिंट कराया जाये। पेपर न्यूनतम 250 जीएसएम की गुणवत्ता का होना चाहिए। स्टिकर में ग्लू पर्याप्त गुणवत्ता/मात्रा का होना चाहिए, जिससे इसे एक बार चस्पा होने पर निकाला न जा सके। प्रत्येक मदिरा दुकान हेतु 5 क्यूआर कोड प्रिंट कराये जाएं। क्यूआर कोड को अभी मदिरा दुकान के ऐसे स्थानों पर चस्पा कराये जाएँ जहाँ से अधिकतम उपभोक्ताओं द्वारा इन्हें आसानी से स्कैन किया जा सके। शेष 2 क्यूआर कोड को भविष्य में आवश्यकता हेतु सुरक्षित रखा जाए, जिन्हें पूर्व में चस्पा क्यूआर कोड फटने अथवा क्षतिग्रस्त होने पर पुनः चस्पा कराया जाए।

क्यूआर कोड विभाग द्वारा प्रिंट कराये जाकर मदिरा दुकानों पर चस्पा कराये जाएँ, जिसका स्टेशनरी हेतु निर्धारित कोषालय शीर्ष से भुगतान किया जाये। सम्बंधित वृत्त प्रभारी द्वारा मदिरा दुकान के क्यूआर कोड को स्कैन किया जाकर यह परिक्षण कर लिया जाए कि इसके माध्यम से मदिरा के विक्रय मूल्य (एमएसपी एवं एमआरपी) की जानकारी प्रदर्शित हो रही है। क्यूआर कोड चस्पा होने पर, सम्बंधित वृत प्रभारी से मदिरा दुकान की फोटो प्राप्त की जाए जिसमे क्यूआर कोड प्रदर्शित हों। समस्त दुकानों पर उक्त कार्यवाही होने पर कार्यपूर्णता प्रमाण पत्र आबकारी आयुक्तत कार्यालय को प्रेषित करने कहा गया है।

## दागी और गद्दार निकले राज्यसभा सांसदो को देश कभी माफ नही करेगा - शिव जायसवाल

### बालाघाट में आम आदमी पार्टी ने किया राघव चड्ढा संहित 7 सांसदों का पुतला दहन..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***आम आदमी पार्टी ने 29 अप्रैल बुधवार को शहर मुख्यालय के कालीपुतली चौक में भाजपा में शामिल हुए अपने 7 राज्यसभा सांसदों का पुतला फूंका। आप कार्यकर्ताओं ने इन्हें दागी और दल-बदलू बताते हुए इनके खिलाफ***

जमकर नारेबाजी भी की। राज्यसभा सचिवालय ने 27 अप्रैल को आप पार्टी के सातों सांसदों के भाजपा में विलय को आधिकारिक मंजूरी दे दी। इन सांसदों ने ईडी व सीबीआई की जांच व गिरफ्तारी से डरकर भाजपा का दामन थाम लिया। जिन सांसदों का पुतला दहन किया गया है, इनमें राघव चड्ढा, संदीप कुमार पाठक, पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह, अशोक कुमार मित्तल, विक्रमजीत सिंह साहनी, स्वाति मालीवाल, राजेंद्र गुप्ता शामिल है।

### बोले शिव जायसवाल..

इस दौरान आप पार्टी के जिलाध्यक्ष शिव जायसवाल ने इसे राजनीतिक विश्वासघात बताते हुए कहा कि भाजपा ने ऑपरेशन लोटस के तहत इन सांसदों को खरीद लिया है। आप पार्टी ने इन पर विश्वास कर राज्यसभा सांसद के रूप में जनता की सेवा करने भेजा था। जो गिरफ्तारी के डर से भाजपा में शामिल हो गए जो पार्टी व जनता के साथ बहुत बड़ा विश्वासघात है। कार्यक्रम मेंप्रदेश पदाधिकारियों में रजनीश नायडू स्टेट कॉर्डिनेटर, मनोज पमनानी प्रदेश सयुक्त सचिव, शरद जैन प्रदेश उपाध्यक्ष बुद्धिजीवी विंग अंकित जेतवार सोशल मीडिया जोन इंचार्ज, शिव जायसवाल जिला अध्यक्ष, ग्रामीण जिला अध्यक्ष मस्तराम डहारे अनिल ब्रह्मे जिला सचिव, सादिक कुरेशी जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह कारे जिला उपाध्यक्ष, भीमसेन ठाकरे जिला उपाध्यक्ष, प्रदीप नागेश्वर जिला संयुक्त सचिव, रामचन्द्र सीहोर जिला अध्यक्ष व्यापारी विंग, श्रीमती ऊषा नगपुरे महिला विंग जिला अध्यक्ष, दिनेश बघेले जिला अध्यक्ष मजदूर विंग, संतोष अहिगारे जिल अध्यक्ष एस सी विंग, कमलेश रामटेके जिला अध्यक्ष शिक्षा विंग, ज्ञानेश राणा जिला सचिव शिक्षा विंग, ओमप्रकाश जायसवाल, जिला अध्यक्ष विंग डॉ भुनेश भारद्वाज जिला अध्यक्ष चिकित्सा विंग, दुर्गा प्रसाद कटरे जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग विंग, नागेन्द्र पवार चिकित्सा विंगजिला उपाध्यक्ष, सीताराम डहारे भुनेश्वर दशहरे जिला उपाध्यक्ष शिक्षा विंग सहित बड़ी संख्या में आक्रोशित आप प्रदेश पदाधिकारियों जिला पदाधिकारियों सहित विभिन्न विंगो के जिला अध्यक्ष, पदाधिकारी कार्यकर्ता गण सम्मिलित हुए।

### महापुरुषों की प्रतिमा खंडित करने पर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर

## बालाघाट में कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष जीतु बर्वे के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन, सख्त कार्रवाई की मांग





जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिले के लांजी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कंसुली में डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर एवं महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा खंडित किए जाने की घटना को लेकर जिला कांग्रेस सेवादल ने कड़ा विरोध जताया है। संगठन के पदाधिकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई***

की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि 23 अप्रैल 2026 को ग्राम कंसुली में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर तथा समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त किया गया। कांग्रेस सेवादल ने इस घटना को निंदनीय बताते हुए कहा कि इससे जिले के सौहार्दपूर्ण माहौल को खराब करने का प्रयास किया गया है।

संगठन ने आरोप लगाया कि बीते कुछ महीनों से जिले में इस प्रकार की अप्रिय घटनाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे सामाजिक समरसता प्रभावित हो रही है। ज्ञापन में कहा गया कि बालाघाट अपनी मिलनसार और शांतिपूर्ण पहचान के लिए जाना जाता है, लेकिन कुछ असामाजिक तत्व जानबूझकर माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

जिला कांग्रेस सेवादल ने प्रशासन से मांग की है कि प्रतिमा खंडित करने वालों की शीघ्र पहचान कर उनके खिलाफबीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया जाए तथा कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति कानून हाथ में लेने का साहस न कर सके।

ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला मुख्य संगठक जितेन्द्र (जितू) बर्वे, शहर अध्यक्ष रीना कुमार, आर. कुमार, आलिये खान, राजू बोन, मीनल दास, जोशविन नाथ सहित कांग्रेस सेवादल के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बालाघाट के सहस्त्रबाहु मंदिर से चांदी के 3 मुकुट चोरी..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट शहर में चोरी के अपराध बढ़ते ही जा रहे हैं और अब धार्मिक स्थल भी सुरक्षित नहीं है। कोतवाली थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 33, गायखुरी स्थित सहस्त्रबाहु मंदिर में बुधवार, 29 अप्रैल को चोरी की वारदात सामने आई, जहां अज्ञात चोर मंदिर से चांदी के तीन मुकुट लेकर फरार हो गए।***

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबह लगभग 11 बजे तक मंदिर में नियमित गतिविधियां जारी थीं और श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा हुआ था। इसके बाद मंदिर बंद कर दिया गया। जब शाम करीब 4 बजे स्थानीय लोग दोबारा मंदिर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाकर जांच करने पर मंदिर में रखे चांदी के तीन मुकुट गायब मिले।

स्थानीय निवासी राकेश दौने ने बताया कि चोरों ने लोहे की रॉड की मदद से ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया है। चोरी हुए मुकुटों की अनुमानित कीमत करीब 35 से 40 हजार रुपये बताई जा रही है। घटना के बाद क्षेत्रवासियों में नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर के आसपास अक्सर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है, जहां जुआ और अन्य गतिविधियां संचालित होती हैं। उन्होंने आशंका जताई है कि इसी तरह के तत्व इस घटना में शामिल हो सकते हैं।


दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

अजय रजक गढ़ी

मो. 84353 19391

# पत्रकार को अश्लील गाली गलौच एवं जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिले में पत्रकार सुरक्षा को लेकर एक चिंताजनक मामला सामने आया है, जहां एक स्थानीय पत्रकार को खबर कवरेज के बाद जान से मारने की धमकी दी गई। घटना 21 अप्रैल की बताई जा रही है जब पत्रकार अंकुश चौहान को सूत्रों के माध्यम से सूचना मिली कि डोंगरिया स्थित आरटीओ कार्यालय में***


एजेंटों के जरिए अधिक पैसे लेकर ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जा रहे हैं। सूचना की पुष्टि करने के उद्देश्य से जब पत्रकार मौके पर पहुंचे तो उन्होंने पाया कि आरटीओ कार्यालय के बाहर स्पष्ट रूप से ÷प्रवेश निषेध÷ का बोर्ड लगा हुआ है। जिसके अनुसार आम नागरिकों का कार्यालय के अंदर प्रवेश प्रतिबंधित है और केवल अधिकृत अधिकारी एवं कर्मचारी ही अंदर जा सकते हैं। इसके बावजूद मौके पर कई बाहरी व्यक्तियों की मौजूदगी ने संदेह को और गहरा कर दिया।

पत्रकार अंकुश चौहान ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड किया और उसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर साझा कर दिया। वीडियो के वायरल होते ही आरटीओ कार्यालय की कार्यप्रणाली और वहां कथित रूप से चल रहे अवैध गतिविधियों को लेकर चर्चाएं तेज हो गईं। बताया जा रहा है कि वीडियो में कुछ ऐसे लोग भी नजर आए जो न तो विभागीय कर्मचारी थे और न ही अधिकृत व्यक्ति फिर भी वे कार्यालय के भीतर सक्रिय रूप से मौजूद थे। इससे यह आशंका और प्रबल हो गई कि एजेंटों के माध्यम से नियमों को दरकिनार कर काम किया जा रहा है।

वीडियो वायरल होने के कुछ ही घंटों बाद उसी दिन शाम को पप्पू शर्मा नामक व्यक्ति ने पत्रकार अंकुश चौहान को फोन कर अभद्र भाषा का प्रयोग किया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। फोन पर की गई गाली-गलौच और धमकी से पत्रकार काफी भयभीत हो गए। जिसके बाद उन्होंने बिना देर किए कोतवाली थाना बालाघाट पहुंचकर पूरे मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया कि वीडियो वायरल होने के बाद उन्हें निशाना बनाया गया और दबाव बनाने की कोशिश की गई।

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की और आरोपी पप्पू शर्मा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (ब्नह्स) 2023 की धारा 296(बी) और धारा 351(3) के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। वहीं अभी मामले की जांच जारी है।

इस घटना ने जिले में पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। पत्रकारिता जैसे जिम्मेदार पेशे में कार्यरत लोगों को यदि इस तरह की धमकियों का सामना करना पड़े तो यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है। स्थानीय पत्रकार संगठनों ने भी इस घटना की निंदा करते हुए प्रशासन से दोषियों के खिलाफ


N.C.R.B
I.I.F.-I
FIRST INFORMATION REPORT
(Under Section 173 B.N.S.S)
1. District: | P.S.:
FIR No.: 0247 | Year: 2026
Date and Time of FIR: 23/04/2026 22:28
2. S.No. | Acts | Sections
1 | 2023 296(b)
2 | 2023 351(3)
3. (a) Occurrence of offence
1. Day | Date From: 21/04/2026 | Date To: 21/04/2026
Time Period | Time From: 19:35 | Time To: 19:35
(b) Information received at P.S.: | Date: 23/04/2026 | Time: 22:10
(c) General Diary Reference: | Entry No.: 067 | Date & Time: 23/04/2026 22:23
4. Type of Information:
5. Place of Occurrence:
1. (a) Direction and distance from P.S.:
Beat No.:
(b) Address: 481001
(c) In case, outside the limit of this Police Station, then
Name of P.S.: | District(State):

सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो असामाजिक तत्वों के हौसले और बुलंद हो सकते हैं।

फिलहाल पुलिस द्वारा पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि धमकी देने के पीछे आरोपी की क्या मंशा थी और क्या वह किसी संगठित नेटवर्क से जुड़ा हुआ है। साथ ही आरटीओ कार्यालय में सामने आए तथ्यों की भी जांच की संभावना से इंकार नहीं किया जा रहा है। प्रशासनिक स्तर पर भी इस मामले को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

# मॉडल स्कूल बिरसा में पर्यावरण व गणित पर जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित..

जगप्रेरणा बिरसा।

***शासकीय मॉडल स्कूल, बिरसा में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत एकल उपयोगी प्लास्टिक एवं जल संरक्षण विषयों पर जागरूकता कार्यशालाओं का सफल आयोजन किया गया।***







कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बनाना तथा उन्हें सतत जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यशाला में विद्यार्थियों को बताया गया कि एकल उपयोगी प्लास्टिक जैसे पॉलीथिन, प्लास्टिक कप और अन्य डिस्पोजेबल सामग्री पर्यावरण के लिए अत्यंत हानिकारक हैं। इनके स्थान पर पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही जल संरक्षण पर आयोजित सत्र में विद्यार्थियों को जल के महत्व, वर्षा जल संचयन और जल के विवेकपूर्ण उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण विषय पर एक प्रभावशाली नाटक भी प्रस्तुत किया, जिसमें प्लास्टिक प्रदूषण और जागरूक नागरिक की भूमिका को जीवंत रूप में दर्शाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बिरसा के इको-क्लब इंचार्ज संतोष कुमार उपाध्याय तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में उच्च माध्यमिक शिक्षक दोहाराम बिसेन उपस्थित रहे। आयोजन का संचालन विद्यालय के इको क्लब प्रभारी जय प्रकाश यादव के मार्गदर्शन में किया गया। इसी क्रम में गणित विषय पर भी एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें गणित प्रभारी उम्मेद केलकर ने विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। वहीं, विद्यालय के पूर्व छात्र एवं वर्तमान में इंजीनियर प्रफुल्ल बडघैय्या ने विद्यार्थियों के प्रश्नों का सरल एवं प्रभावी समाधान किया। विद्यालय के प्राचार्य सौरभ कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने तथा शिक्षा के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें सकारात्मक बदलाव अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण राजेश कुमार धुर्वे, राजेश राहंगडाले, पुष्पेन्द्र कुमार पालके, कमल सिंह मेरावी, उम्मेद केलकर, डिलेश्वरी भगत, स्वाति ब्रम्हनोटे, सुरेश बघेल, आशीष तिल्लासी, संतोष बिसेन एवं फानूसिंह सैय्याम सहित अन्य अतिथि शिक्षक भी उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मिर्चिनाला में स्वच्छता व श्रमदान कार्यक्रम आयोजित..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन में विकासखंड बैहर के सेक्टर-1 अंतर्गत मिर्चिनाला क्षेत्र में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत नदी स्वच्छता अभियान चलाया गया।***








इस दौरान ग्रामीणों ने जनभागीदारी से श्रमदान कर जल स्त्रोतों की सफाई की और जल संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक महेश पटले ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान का मुख्य उद्देश्य जनसहभागिता के माध्यम से जल संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देना है। इसके अंतर्गत नई जल संरचनाओं का निर्माण, पुरानी संरचनाओं का जीर्णोद्धार, जल स्त्रोतों की सफाई तथा आसपास पौधारोपण जैसे कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे हैं।

परामर्शदाता शिवनाथ यादव ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि समय रहते जल का संरक्षण नहीं किया गया, तो भविष्य में गंभीर जल संकट उत्पन्न हो सकता है। वहीं नवांकुर संस्था वीर नारायण जन जागरण समिति के कुंदन मेरावी ने छोटे-छोटे प्रयासों से जल बचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था के राजीव परते एवं परामर्शदाता आकांक्षा तेकाम ने ग्रामीणों से जल संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस दौरान वर्षा जल संचयन के उपायों पर चर्चा करते हुए चेक डैम एवं मेड़ बंधान जैसे उपायों की आवश्यकता बताई गई। साथ ही पौधारोपण कार्यक्रम की भी जानकारी दी गई। अंत में उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई तथा जागरूकता के नारे लगाए गए। कार्यक्रम में परामर्शदाता सुरेश यादव, संगीता उयके, ज्योति कुर्वेती, रक्षा पारधी, शक्ति माहुले एवं आदर्श असाटी सहित अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

# मनरेगा से बना खेत तालाब बना आजीविका का मजबूत आधार..

जगप्रेरणा किरनापुर।

***जनपद पंचायत किरनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत नक्शी में मनरेगा योजना के तहत निर्मित खेत तालाब ने एक किसान परिवार की आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।***




ग्राम नक्शी निवासी हितग्राही लोकचंद / रतनलाल मातरे (ह्लक्रष्ट) को मनरेगा योजना अंतर्गत लगभग 3.62 लाख रुपये की लागत से खेत तालाब निर्माण की स्वीकृति मिली। इस तालाब के निर्माण से पहले किसान को सिंचाई के अभाव में खेती में पर्याप्त लाभ नहीं मिल पाता था। तालाब निर्माण के बाद स्थिति पूरी तरह बदल गई। हितग्राही द्वारा तालाब में मछली पालन शुरू किया गया, जिससे उन्हें लगभग 2.80 लाख रुपये तक की आय होने की संभावना है। इसके साथ ही तालाब की मेड़ पर तुअर (अरहर) की खेती कर अतिरिक्त आय भी प्राप्त हो रही है। तालाब के पानी से खेतों की सिंचाई सुचारु रूप से होने लगी है, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि हुई है। इस योजना से न केवल आय में बढ़ोतरी हुई है, बल्कि परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार और सामाजिक प्रतिष्ठा में भी वृद्धि हुई है। ग्राम पंचायत नक्शी में बना यह खेत तालाब अब अन्य किसानों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है और यह साबित करता है कि मनरेगा जैसी योजनाएं ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने में कारगर हैं।

# स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु पात्रता परीक्षा अनिवार्य, वॉक-इन इंटरव्यू के आधार पर होगा चयन

जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। जारी निर्देशों के अनुसार इस वर्ष उन विद्यार्थियों के लिए पात्रता परीक्षा आयोजित की जाएगी, जो 12वीं कक्षा के अपने मूल संकाय से अलग किसी अन्य संकाय या विषय में प्रवेश लेना चाहते हैं।***

यह पात्रता परीक्षा चलित साक्षात्कार (वॉक-इन इंटरव्यू) के रूप में आयोजित होगी। उदाहरण के तौर पर, यदि किसी छात्र ने 12वीं कक्षा कला संकाय से उत्तीर्ण की है और वह विज्ञान संकाय में प्रवेश लेना चाहता है, तो उसे इस परीक्षा में सफल होना अनिवार्य होगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह पात्रता परीक्षा 27 अप्रैल 2026 से 14 मई 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 11 बजे से 2 बजे तक प्रदेश के अग्रणी महाविद्यालयों में आयोजित की जाएगी।

बालाघाट जिले में यह परीक्षा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित होगी। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को पात्रता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा, जिसके आधार पर वे प्रदेश के किसी भी महाविद्यालय में ऑनलाइन प्रवेश के लिए आवेदन कर सकेंगे।

विद्यार्थी अपनी सुविधा अनुसार किसी भी अग्रणी महाविद्यालय में आयोजित इस साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। स्पष्ट किया गया है कि जो विद्यार्थी अपने 12वीं के मूल संकाय या विषय में ही प्रवेश लेना चाहते हैं, उन्हें इस पात्रता परीक्षा में शामिल होने की आवश्यकता नहीं होगी।

# बालाघाट में जल गंगा संवर्धन के तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जल गुणवत्ता जांच का प्रशिक्षण..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 29 अप्रैल 2026 को गढ़ी स्थित मंगल भवन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (क्क॥श्व) बालाघाट द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए फील्ड टेस्टिंग किट (स्नञ्जय्) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।***

इस प्रशिक्षण में गढ़ी-1, गढ़ी-2, कुकर्रा-1 एवं कुकर्रा-2 सेक्टर की कुल 94 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक समन्वयक फनीश रंगारे, रानी सिंह राजपूत, श्रुति डहाटे एवं मोहिनी पटले द्वारा किया गया। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं को जल गुणवत्ता जांच की तकनीकों से अवगत कराया गया तथा 94 प्रतिभागियों की स्नञ्जय् यूजर आईडी भी बनाई गई।

कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि प्रशिक्षण के दौरान ही आंगनवाड़ी एवं स्कूलों से लाए गए पानी के नमूनों की मौके पर फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से जांच कराई गई। कार्यकर्ताओं को व्यावहारिक रूप से सिखाया गया कि पानी में मौजूद विभिन्न तत्वों की पहचान कैसे की जाती है।

प्रशिक्षण में श्व॥ मान (अम्लीयता/क्षारीयता), फ्लोराइड, आयरन (लोहा) एवं पानी की कठोरता जैसे प्रमुख मानकों की जांच करना सिखाया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड बैहर की उपयंत्री काजल कोड़ापे ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्र के पेयजल स्त्रोतों की वर्ष में कम से कम दो बार-मानसून से पहले और बाद में-नियमित जांच सुनिश्चित करें। इस पहल से ग्राम स्तर पर जल गुणवत्ता की निगरानी को मजबूती मिलेगी और आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों एवं गांवों में बच्चों तथा नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। प्रशिक्षण के बाद कार्यकर्ताओं ने स्वयं रुचि लेकर अपने-अपने क्षेत्रों के जल स्त्रोतों की जांच कर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया।

कार्यक्रम के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से शीतल मिश्रा एवं हरीश झा (क्करू), महिला एवं बाल विकास विभाग से पर्यवेक्षक मेघा डहरवाल, आशालता धुर्वे, हेमलता सैयाम एवं कुसमा वासनिक उपस्थित रहीं। वहीं महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी बैहर रामनाथ धुर्वे का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार (नवाचार) 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित, 15 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन किए जा सकेंगे आवेदन

जगप्रेरणा बालाघाट।

शासकीय सेवाओं में नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा ÷मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार (नवाचार)÷ वर्ष 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन सामान्य प्रशासन विभाग की वेबसाइट 222.ड्ड2ड्डह्म्स्रह्य.द्वश्च.द्दश1.द्बठ्ठ के माध्यम से किए जा सकेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है।

यह पुरस्कार 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के मध्य किए गए उल्लेखनीय कार्यों के आधार पर प्रदान किया जाएगा। प्रदेश के समस्त शासकीय सेवक, जिनमें राज्य शासन के विभाग, विभागाध्यक्ष एवं उनके अधीनस्थ निगम, मंडल, बोर्ड तथा संस्थाओं में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं, इसके लिए पात्र होंगे।

पुरस्कार के अंतर्गत नागरिक सेवा प्रदाय, सूचना प्रौद्योगिकी एवं सुशासन, शिक्षा एवं मानव संसाधन विकास, स्वास्थ्य एवं पोषण, अधोसंरचना, सामाजिक समावेश एवं सशक्तिकरण तथा रोजगार एवं आर्थिक विकास जैसे प्रमुख क्षेत्रों में किए गए नवाचारों को शामिल किया जाएगा।इस वर्ष कुल 15 पुरस्कार दिये जाएंगे। प्रत्येक चयनित को एक लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। एक ही कार्यक्षेत्र में एक से अधिक पात्र पाए जाने पर पुरस्कार राशि उनमें समान रूप से वितरित की जाएगी। पुरस्कार संबंधी विस्तृत जानकारी सामान्य प्रशासन विभाग की वेबसाइट 222.ड्ड2ड्डह्म्स्रह्य.द्वश्च.द्दश1.द्बठ्ठ पर उपलब्ध है।







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900

## नगर पालिका परिषद का नवाचार, प्रदीप जायसवाल के हस्ते गंदे पानी को स्वच्छ करने के सीवेज ट्रीमेंट प्लांट की हुयी शुरूवात..

### दूषित पानी को भौतिक, रासायनिक और जैविक प्रकिया द्वारा साफकर उसे ऋषि और औधोगिक उपयोग के योग्य बनाया जायेगा







**जगप्रेरणा वारासिवनी।**

***नगर के स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज नगर पालिका परिषद द्वारा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न किया गया।***

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदीप जायसवाल पूर्व केबिनेट मंत्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे के द्वारा की गयी। नपा परिषद पिछले कयी साल से वारासिवनी को महानगरो की तर्ज पर सुविधा देने के लिये बडी बडी सौगाते प्रदान कर रही है। आज इसी श्रंखला मे वार्ड 12 मे शिव मंदिर के सामने के मैदान मे स्वच्छता अभियान के दिशा मे एक नये अध्याय की शुरूवात कर दी गयी है।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। उपस्थित अतिथियों ने भूमि पूजन कर परियोजना के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण के निर्देश भी जारी किये। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण से नगर की जल निकासी व्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा गंदे पानी का वैज्ञानिक तरीके से उपचार किया जा सकेगा। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि आसपास के जल स्रोतों की स्वच्छता भी सुनिश्चित होगी।

इस शुरूवात के संदर्भ मे प्रदीप जायसवाल ने मिडिया के सवालो पर कहा की नगर मे 5 करोड 50 लाख की राशी से वाटर टी्टमेंट प्लांट के तहत दूषित पानी को भौतिक, रासायनिक और जैविक प्रकिया द्वारा साफ कर उसे ऋषि और औधोगिक उपयोग के योग्य बनाकर पर्यावरण को सुरक्षित रखने का कार्य किया जा रहा है। नगर मे जनसंख्या के बढते दबाव, ग्रामीण क्षेत्रो से नगरीय क्षेत्रो मे लोगो के आने से घरो की संख्या मे तेजी से इजाफा हो रहा है। इन घरो का या औधोगिक विषयो का गंदा पानी हमारे नगर के आमा तालाब, शंकर तालाब, चंदन नदी आदि मे जाने से इसका चैतरफा प्रभाव पडता है। अत इस वाटर टीमेंट प्लांट का निर्माण अब समय की मांग हो गया है। नपा परिषद नगर के गंदे पानी को यहा एकत्र कर प्लांट के माध्यम से शुद्व करने जा रही है।

एक सवाल पर गुडडा भैया ने यह भी कहा की बडी बडी मशीनो वाली इस कार्य योजना को 18 माह की समयसीमा मे पूर्ण करने के बाद आवश्यकता पडने पर इस शुद्व पानी को ऐथेनाल या अन्य औधोगिक इकाइयो को बेचकर नपा की आमदानी को बढाया जा सकता है। इसी तरह नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे ने कहा की इस प्लांट के निर्माण से नगर में स्वच्छता स्तर में उल्लेखनीय सुधार होगा तथा स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी। साथ ही ट्रीटेड पानी का उपयोग उद्यानों की सिंचाई एवं अन्य उपयोगी कार्यों में किया जा सकेगा। आज वाटर टी्टमेंट प्लांट की शुरूवात के पलो मे मुख्य अधिकारी सूर्यप्रकाश उके, उपयंत्री सुमीत मोटवानी, अंशिका चैहान, कार्यएंजेसी के अधिकारीगण, पार्षदगण सहित प्रमुख अधिकारी व उत्तर प्रदेश की कार्यएंजेसी के प्रमुख अधिकारीगण उपस्थित भी रहे।

## भूमिगत रेलवे क्रॉसिंग केबल बदलने का कार्य पूर्ण, 1200 उपभोक्ताओं को मिली राहत..





**जगप्रेरणा वारासिवनी।**

***पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के संचा/संधा संभाग वारासिवनी अंतर्गत भूमिगत रेलवे क्रॉसिंग की केबल खराब होने के कारण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को लंबे समय से विद्युत आपूर्ति में बाधाओं का सामना करना पड़ रहा था। इस संबंध में लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं।***

निरीक्षण के दौरान कुल 9 स्थानों पर केबल खराब पाई गई, जिससे उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई थी। उपभोक्ताओं की समस्या को गंभीरता से लेते हुए विभाग द्वारा कार्य योजना में प्रस्ताव स्वीकृत कराया गया तथा रेलवे से अनुमति प्राप्त करने के लिए नागपुर स्तर पर निरंतर पत्राचार और प्रयास किए गए। इस बीच 2 सितंबर 2025 को ग्राम बुदबुदा में आयोजित जनसुनवाई में भी ग्रामीणों द्वारा इस समस्या को प्रमुखता से उठाया गया।

जिस पर कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने रेलवे नागपुर को भूमिगत केबल बदलने हेतु अनुमति प्रदान करने के लिए पत्र प्रेषित किया था। लगभग दो वर्षों तक निरंतर प्रयासों के बाद रेलवे की अनुमति मिलने पर 28 अप्रैल 2026 को भूमिगत रेलवे केबल बदलने का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया। इस कार्य के पूर्ण होने से क्षेत्र के लगभग 1200 उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति में राहत मिली है।

कार्यपालन अभियंता वारासिवनी ने बताया कि संभाग में कुल 9 प्रस्तावित कार्यों में से 4 कार्य स्वीकृत हुए थे, जिनमें से 3 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं तथा 1 कार्य प्रगति पर है, जिसे शीघ्र ही पूर्ण किया जाएगा।

उन्होंने इस कार्य के सफल निष्पादन में कलेक्टर बालाघाट एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) वारासिवनी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। वहीं, क्षेत्रीय उपभोक्ताओं ने भी विद्युत व्यवस्था में सुधार होने पर संतोष जताते हुए विभाग के प्रति आभार प्रकट किया।

## मशरूम की खेती से बदली किस्मतः वैभव गोकुलपुरे बने आत्मनिर्भरता की मिसाल..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***बालाघाट जिले के छोटे से गांव सिंगोड़ी, रामपायली के युवा किसान वैभव गोकुलपुरे ने यह साबित कर दिखाया है कि अगर इरादे मजबूत हों और सही मार्गदर्शन मिल जाए, तो सीमित संसाधनों में भी सफलता की नई इबारत लिखी जा सकती है।***

पारंपरिक खेती से जुड़े वैभव आज मशरूम की खेती के जरिए आत्मनिर्भरता की ओर मजबूती से कदम बढ़ा रहे हैं।

वैभव, पिता श्री भरतलाल गोकुलपुरे के पुत्र हैं और हमेशा से खेती-किसानी से जुड़े रहे हैं। लेकिन पारंपरिक खेती में सीमित आय और अनिश्चितता के चलते वे कुछ नया करने की तलाश में थे। इसी दौरान उन्हें ष्टद्गठ्ठह्लह्ड्ड्य क्कड्डठ्ठद्म शद्ब ढ्ठ्ठह्स्रद्बड्ड ऋस्श्वञ्जद्ध और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, बालाघाट द्वारा आयोजित मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में जानकारी मिली। यही उनके जीवन का टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने उन्हें मशरूम उत्पादन की आधुनिक तकनीक, लागत प्रबंधन, विपणन और उद्यमिता विकास की बारीकियां सिखाई। वैभव ने पूरे मनोयोग और उत्साह के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया और उसे व्यवहार में उतारने का संकल्प लिया।

प्रशिक्षण के बाद उन्होंने मात्र 10 हजार रुपये की छोटी सी पूंजी से अपने घर पर मशरूम उत्पादन शुरू किया। शुरुआती दौर में चुनौतियां जरूर आई, लेकिन धैर्य, मेहनत और सीखी गई तकनीकों के सहारे उन्होंने हार नहीं मानी। धीरे-धीरे उनका प्रयास सफल होता गया और उत्पादन के साथ आय भी बढने् लगी।

आज वैभव हर महीने करीब 5 हजार रुपये की अतिरिक्त आय मशरूम की खेती से अर्जित कर रहे हैं। यह आय उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही है और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ा रही है।

वैभव कहते हैं, ÷ऋस्श्वञ्जद्ध ने मुझे सिर्फ मशरूम उगाना ही नहीं सिखाया, बल्कि जीवन में आगे बढने् का आत्मविश्वास भी दिया। सही प्रशिक्षण और मार्गदर्शन से कोई भी युवा अपना भविष्य बदल सकता है।÷

वैभव गोकुलपुरे की यह प्रेरणादायक कहानी न सिर्फबालाघाट, बल्कि पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए एक संदेश है कि यदि सही दिशा, थोड़ी सी पूंजी और कड़ी मेहनत का साथ हो, तो सफलता दूर नहीं रहती।

## अमृत 2.0 के तहत मलाजखंड में विकसित हुआ आधुनिक पार्क, जैविक खाद से बढ़ रहा हरित संवर्धन





**जगप्रेरणा मलाजखंड।**

***नगर पालिका परिषद मलाजखंड द्वारा नगरीय प्रशासन विभाग की महत्वाकांक्षी अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत मेन रोड बंजारीटोला स्थित लगभग डेढ़ एकड़ क्षेत्र में एक सुंदर, स्वच्छ और आधुनिक पार्क का विकास किया गया है।***

यह पार्क न केवल शहरवासियों को हरित एवं स्वच्छ वातावरण प्रदान कर रहा है, बल्कि स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी एक मिसाल बनता जा रहा है। पार्क के रख-रखाव को पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए नगर पालिका ने परिसर में ही जैविक कम्पोस्टिंग खाद पिट का निर्माण कराया है।

इन पिटों में पेड़ों से गिरने वाली पत्तियों और अन्य जैविक कचरे को एकत्रित कर वैज्ञानिक तरीके से कम्पोस्ट खाद तैयार की जा रही है। तैयार खाद का उपयोग पुनः पार्क की हरियाली बढ़ाने में किया जा रहा है, जिससे यह पार्क आत्मनिर्भर और पूरी तरह पर्यावरण हितैषी बन गया है। इसके साथ ही ÷वेस्ट टू आर्ट÷ की अभिनव पहल के तहत अनुपयोगी वस्तुओं से आकर्षक कलात्मक संरचनाएं तैयार कर पार्क का सौंदर्यीकरण किया गया है, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बन रही हैं। नागरिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पार्क में आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित मिनी जिम की भी स्थापना की गई है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में बच्चे, युवा और बुजुर्ग व्यायाम कर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश बाघमारे ने बताया कि पार्क में जैविक कचरे के समुचित प्रबंधन से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है और शहर को स्वच्छ एवं हरित बनाने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण साबित हो रही है। नगर पालिका परिषद मलाजखंड की यह पहल 'स्वच्छ और सुंदर मलाजखंड' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है, जो कचरा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और नागरिकों के स्वास्थ्य संवर्धन में अहम भूमिका निभा रही है।

## स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डो में सिटिजन फीडबैक हेतु जन - जागरूकता अभियान तेज..





**जगप्रेरणा मलाजखंड।**

नगर पालिका परिषद मलाजखंड द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत नगर को स्वच्छता रैंकिंग में बेहतर स्थान दिलाने के उद्देश्य से सिटिजन फीडबैक एवं पब्लिक फीडबैक को बढ़ावा देने के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत नगर के विभिन्न वार्डों में घर-घर संपर्क, बाजार क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थलों एवं प्रमुख चौक-चौराहों पर स्वच्छता टीम द्वारा नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है।

अभियान के दौरान स्वच्छता कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा नागरिकों को स्वच्छता सर्वेक्षण में भागीदारी के महत्व के बारे में बताया जा रहा है तथा उन्हें अपने मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन सिटिजन फीडबैक देने की प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। साथ ही नागरिकों को यह भी समझाया जा रहा है कि उनका एक सकारात्मक फीडबैक नगर की स्वच्छता रैंकिंग को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।

नगर पालिका द्वारा वार्ड स्तर पर विशेष टीमों का गठन किया गया है, जो प्रतिदिन अलग-अलग वार्डों में पहुंचकर आमजन, व्यापारियों एवं युवाओं से संवाद स्थापित कर रहे हैं और उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहे हैं। इसके साथ ही स्वच्छता संबंधी संदेशों का प्रचार-प्रसार पोस्टर, पंपलेट एवं माइक अनाउंसमेंट के माध्यम से भी किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इस अभियान से जुड़ सकें। नगर पालिका परिषद मलाजखंड का उद्देश्य है कि नगर का प्रत्येक नागरिक स्वच्छता सर्वेक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाए और अपने शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं आदर्श नगर बनाने में सहयोग प्रदान करे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री दिनेश बाघमारे ने सभी नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि ÷स्वच्छता सर्वेक्षण 2025ङ्क 26 में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आप सभी अधिक से अधिक संख्या में सिटिजन फीडबैक प्रदान करें, ताकि हमारा नगर स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर सके और देशभर में अपनी अलग पहचान बना सके।÷

## 30 अप्रैल को जिला पंचायत की सामान्य सभा की विशेष बैठक..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***30 अप्रैल को जिला पंचायत की सामान्य सभा की विशेष बैठक का आयोजन किया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सम्राट सिंह सरस्वार की अध्यक्षता में***

आयोजित यह बैठक जिला पंचायत कार्यालय सभाकक्ष में दोपहर 01 बजे से प्रारंभ होगी। इस बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की जायेगी। सभी सदस्यों एवं संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के लिए सूचित किया गया है।








दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

रूपेश रावते भानेगांव
मो. 9826602705

जग प्रेरणा

# लांजी किरनापुर

● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साड़रा

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## अवैध रेत खनन परिवहन मामले में 3 ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त, मामले में 13 आरोपित गिरफ्तार..





जगप्रेरणा लांजी।

***पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है।***

इसी क्रम में लांजी पुलिस के द्वारा 28 अप्रैल की रात्रि में प्रभावी कार्रवाई करते हुए अवैध रेत परिवहन में प्रयुक्त 03 ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित जप्त कर 13 आरोपियों के विरुद्ध धारा 303 (2), 3(5) बीएनएस एवं खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 4/21 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

इस संबंध में एसडीओपी ओमप्रकाश ने प्रेसवार्ता के माध्यम से जानकारी में बताया कि क्षेत्र के ग्राम पौसेरा स्थित सोन नदी घाट में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन की सूचना प्राप्त हो रही थी। 28 अप्रैल को पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर परिवहन कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर दबिश दी गई।

कार्यवाही के दौरान पुलिस को देखकर ट्रैक्टर चालक एवं मौके पर रेत भरने वाले आरोपी भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। मौके पर 03 ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त किए गए, जिनमें अवैध रूप से रेत भरी हुई पाई गई। आरोपियों से रेत परिवहन के संबंध में वैध रॉयल्टी दस्तावेज मांगने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। मौके से अवैध खनन में प्रयुक्त फावड़े एवं तसले भी जप्त किए गए।

### पुलिस ने जप्त किए 3 ट्रैक्टर..

इस अवैध रेत खनन व परिवहन के मामले में लांजी पुलिस ने 3 ट्रैक्टर ट्राली सहित व प्रयुक्त सामान फावड़े एवं तसले जप्त किए। महिन्द्रा ट्रैक्टर मॉडल 575 डीआई एसपी प्लस, सोनालिका ट्रैक्टर मॉडल डीआई -42 आरएक्स, महिन्द्रा ट्रैक्टर मॉडल युवो टच 405 डी आई शामिल हैं।

### पुलिस ने गिरफ्तार किए आरोपी..

अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन मामले में पुलिस ने युगल उर्फ राजा सातपुते निवासी वार्ड नं. 11 ग्राम सिर्री थाना लांजी (ट्रैक्टर चालक), दीपक धुर्वे निवासी ग्राम बकरामुंडी थाना लांजी (ट्रैक्टर चालक), अजय मलगाम निवासी ग्राम दहेगांव थाना लांजी (ट्रैक्टर चालक), दिलीप मलगाम निवासी ग्राम दहेगांव, राकेश आमाडारे निवासी मंडईटेकरी लांजी, कमलेश चापडे निवासी मंडईटेकरी, नितिन चापडे निवासी मंडईटकरी लांजी, देवेन्द्र मसराम निवासी ग्राम जूनेवानी, दीपक आमाडारे निवासी मंडईटकरी लांजी, राधे पदे निवासी ग्राम दहेगांव, नितेश पालेवार निवासी ग्राम दहेगांव, राजेश सोनवाने निवासी लांजी, रवि मडावी निवासी ग्राम जूनेवानी शामिल हैं।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका..

अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन मामले में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक दीपसिंह परमार, निरीक्षक अशोक ननाना, आरक्षक राकेश कुल्हाड़े, आरक्षक राहुल भारद्वाज एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस द्वारा अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध आगे भी लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

## मेहनत, लगत, अनुशासन से आगे बढ़ता है विद्यार्थी पीएम श्री भानेगांव में मेधावी विद्यार्थीयो का हुआ सम्मान..





जगप्रेरणा लांजी।

***पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानेगांव के स्कूल प्रांगण में मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान हेतु भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।***

कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार कर्राहे रहे। विशेष अतिथियों में जनपद उपाध्यक्ष अजय अवसरे, लीलाधर रावते, सीताराम रावते, रेवाजी करहाटकरें, रूपचंद रावते सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों का स्वागत-सत्कार करते हुए उन्हें प्रमाणपत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक राजकुमार कर्राहे ने सभी छात्र-छात्राओं को शानदार सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि मेहनत, लगन और अनुशासन से विद्यार्थी जीवन में बड़ी सफलता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का माहौल रहा। छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने सम्मान समारोह को प्रेरणादायक बताया। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### नशा कर धड़ल्ले से वाहन चला रहे चालक..

## अनियंत्रित ट्रैक्टर खेत में जा घुसा, चालक गंभीर रूप से घायल..





जगप्रेरणा लांजी।

***आधुनिक दौर में युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति अब जानलेवा साबित होती नजर आ रही है। मादक पदार्थों के सेवन के बाद लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने की आदत न केवल***

चालक के जीवन को जोखिम में डाल रही है, बल्कि आमजन के लिए भी गंभीर खतरा बनती जा रही है। मंगलवार को ग्राम इटोरा में हुई ट्रैक्टर दुर्घटना ने इस चिंता को एक बार फिर उजागर कर दिया। घटना की प्राप्त जानकारी के अनुसारए ग्राम ककोड़ी निवासी ओमप्रकाश पिता विनायक येरपुडे (34 वर्ष) ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 50 एए- 4673 में लकड़ियां लादकर लांजी से ककोड़ी की ओर जा रहा था। दोपहर करीब 12 बजे इटोरा के समीप पहुंचने पर चालक का वाहन पर नियंत्रण बिगड़ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक नशे की हालत में था, जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित खेत में जा घुसा और पलट गया। इस दुर्घटना में चालक ओमप्रकाश के सिर में गंभीर चोटें आईं। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। घायल को तत्काल नागरिक चिकित्सालय लांजी पहुंचाया गयाए जहां उसका उपचार जारी है। गौरतलब है कि हादसे के समय मार्ग पर अन्य कोई वाहन या राहगीर मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ी जनहानि टल गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि उसी समय कोई राहगीर वहां से गुजर रहा होता, तो यह दुर्घटना और भी भयावह रूप ले सकती थी।

## खेत तालाब बना आजीविका का मजबूत आधार..




जगप्रेरणा किरनापुर।

***जनपद पंचायत किरनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत नक्शी में मनरेगा योजना के तहत निर्मित खेत तालाब ने एक किसान परिवार की आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।***

नक्शी निवासी हितग्राही लोकचंद / रतनलाल मातरे **(OBC)** को मनरेगा योजना अंतर्गत लगभग 3.62 लाख रुपये की लागत से खेत तालाब निर्माण की स्वीकृति मिली। इस तालाब के निर्माण से पहले किसान को सिंचाई के अभाव में खेती में पर्याप्त लाभ नहीं मिल पाता था। तालाब निर्माण के बाद स्थिति पूरी तरह बदल गई। हितग्राही द्वारा तालाब में मछली पालन शुरू किया गया, जिससे उन्हें लगभग 2.80 लाख रुपये तक की आय होने की संभावना है। इसके साथ ही तालाब की मेड़ पर तुअर (अरहर) की खेती कर अतिरिक्त आय भी प्राप्त हो रही है। तालाब के पानी से खेतों की सिंचाई सुचारु रूप से होने लगी है, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि हुई है। इस योजना से न केवल आय में बढ़ोतरी हुई है, बल्कि परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार और सामाजिक प्रतिष्ठा में भी वृद्धि हुई है।

नक्शी में बना यह खेत तालाब अब अन्य किसानों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है और यह साबित करता है कि मनरेगा जैसी योजनाएं ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने में कारगर हैं।

व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।

## बुद्ध पूर्णिमा पर घर-घर गायत्री उपासना का संकल्प




### 3 मई तक होगी साधना..

जगप्रेरणा लांजी।

***प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आगामी 1 मई 2026 दिन शुक्रवार को बुध्द-पूर्णिमा पर सम्पूर्ण विश्व में प्रातःकाल से सायंकाल तक गृहे गृहे गायत्री यज्ञ उपासना सम्पन्न की जायेगी।***

अगर इस दिन आपको किसी कारणवश समय अथवा अवकाश न मिले तो आप 03 मई रविवार को सुबह से शाम तक इस आध्यात्मिक प्रयोग को सम्पन्न करेंगे। इस संबंध में गायत्री शक्तिपीठ के परिव्राजक विनोद तिड़के ने बताया कि उपरोक्त तारीख, दिन एवं समय पर आपको अपने घरों में परिवार के साथ बैठकर एक साथ एक स्वर में गायत्री महामंत्र की 24 आहुति और महामृत्युंजय मंत्र की 5 आहुति देकर स्वयं यज्ञ करना है। अपने यज्ञ की जानकारी शक्तिपीठ में आकर अवश्य दे। देव दक्षिणा में अपनी एक बुराई का त्याग करे एवं एक अच्छाई ग्रहण करे।

हम सुधरेंगे - युग सुधरेंगा, हम बदलेंगे - युग बदलेंगा इस तथ्य पर हमारा पूर्ण विश्वास है। गायत्री परिवार ट्रस्ट, शक्तिपीठ लांजी द्वारा सभी भाई-बहनों को बुध्द पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए सभी हिन्दू भाई बहनों से अपने घरों में गायत्री यज्ञ करने की अपील की है।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे. मो. 9329033433

## अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

### यातायात नियमों का पालन नहीं करने से बढ़ रहा दुर्घटनाओं का ग्राफ..





जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र में बढ़ती तेज गति और यातायात नियमों की अनदेखी के कारण सड़क दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। 29 अप्रैल बुधवार शाम लगभग 7 बजे लांजी-वारी मार्ग पर कालीमाटी और निमटोला***

के बीच स्थित पुलिया के पास एक सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार वारी निवासी मंगल राजाराम पांचे (65 वर्ष) एवं सीताराम पिता हीरामन फुलहारे (53 वर्ष) अपनी मोटरसाइकिल (क्रमांक एमपी 50 एमयू 4493) से लांजी से अपने गांव वारी लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर के कारण दोनों व्यक्ति सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद संबंधित वाहन चालक मौके से चला गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, जिस स्थान पर यह घटना हुई वहां पुलिया के पास पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था नहीं है। साथ ही सड़क संकरी होने के कारण शाम के समय दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। इस मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन भी अधिक रहता है, जिससे जोखिम और बढ़ जाता है। घटना के बाद आसपास के लोगों की सहायता से दोनों घायलों को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की स्थिति खतरे से बाहर है परंतु दोनों बुजुर्गो को गंभीर चोटे आई है। उल्लेखनीय है कि लांजी क्षेत्र में हाल के दिनों में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित नहीं किया गया और आवश्यक व्यवस्थाएं नहीं की गई, तो इस प्रकार की घटनाएं आगे भी होती रहेंगी।






लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..
एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

# जब नियम भारी पड़ जाएँ और इंसानियत हार जाए : एक कड़वी सच्चाई

ओडिशा की यह घटना केवल एक समाचार नहीं है, बल्कि हमारे सामाजिक और प्रशासनिक ढाँचे के भीतर छिपी उस संवेदनहीनता का आईना है, जो अक्सर कागज़ी प्रक्रियाओं के पीछे छिपकर इंसानियत को कुचल देती है। एक भाई को अपनी ही मृत बहन की कब्र खोदकर उसे बैंक तक ले जाना पड़ा–सिर्फ इसलिए कि वह यह साबित कर सके कि उसकी बहन अब जीवित नहीं है। यह घटना सुनने में जितनी असामान्य लगती है, उतनी ही भयावह भी है, क्योंकि यह हमें उस बिंदु पर खड़ा कर देती है जहाँ हमें यह सोचने पर मजबूर होना पड़ता है कि क्या हमारा सिस्टम वास्तव में इंसानों के लिए बना है, या केवल कागज़ों और नियमों के लिए।

इस घटना के पीछे की कहानी अत्यंत मार्मिक है। एक साधारण परिवार, सीमित संसाधन, और एक बड़ा दुख–अपनों को खोने का। बहन की मृत्यु के बाद भाई को उसके बैंक खाते से मात्र ₹20,000 निकालने की आवश्यकता थी। यह रकम उसके लिए केवल पैसे नहीं थी, बल्कि शायद घर के खर्च, इलाज या अंतिम संस्कार के बाद की जिम्मेदारियों को पूरा करने का एक साधन थी। लेकिन जब वह बैंक पहुँचा, तो वहाँ उसे संवेदना नहीं, बल्कि नियमों का सामना करना पड़ा। बैंक अधिकारियों ने बार-बार यही कहा–÷अकाउंट होल्डर को खुद आना पड़ेगा।÷

यह वाक्य सुनने में सामान्य लग सकता है, लेकिन उस व्यक्ति के लिए यह किसी दीवार से टकराने जैसा था। उसने समझाने की पूरी कोशिश की कि उसकी बहन अब इस दुनिया में नहीं है, लेकिन उसकी बात को न तो गंभीरता से लिया गया और न ही उसे सही दिशा दिखाई गई। यहाँ एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है–क्या बैंक कर्मचारियों का कर्तव्य केवल नियमों का पालन करना है, या जरूरतमंद व्यक्ति को सही प्रक्रिया समझाना भी है?

यदि उस व्यक्ति को यह बताया जाता कि उसे मृत्यु प्रमाण पत्र (ष्टद्गड्डह्लद्ध ष्टद्गह्म्ह्लद्बद्घद्बष्ड्डह्लद्ग) बनवाना होगा, या उत्तराधिकार (द्यद्गद्दड्डद्य ॥द्गद्बह्म्) के दस्तावेज़ प्रस्तुत करने होंगे, तो शायद वह इस हद तक जाने के लिए मजबूर नहीं होता। लेकिन जानकारी के अभाव और मार्गदर्शन की कमी ने उसे उस रास्ते पर धकेल दिया, जो न केवल अमानवीय था, बल्कि पूरे समाज के लिए शर्मनाक भी।

यह घटना केवल एक व्यक्ति की मजबूरी नहीं है, बल्कि यह उस व्यापक समस्या की ओर संकेत करती है जो हमारे सिस्टम में गहराई से जड़ें जमा चुकी है–संवेदनहीनता और संवाद की कमी। हमारे यहाँ अक्सर नियमों को अंतिम सत्य मान लिया जाता है, और उन नियमों के पीछे छिपे उद्देश्य को भुला दिया जाता है। नियम इसलिए बनाए जाते हैं ताकि व्यवस्था बनी रहे, लेकिन जब वही नियम किसी की पीड़ा को बढ़ाने लगें, तो उनके उपयोग पर पुनर्विचार करना आवश्यक हो जाता है।

हमारे देश में बैंकिंग प्रणाली लगातार डिजिटल और आधुनिक हो रही है। ऑनलाइन ट्रांजैक्शन, आधार लिंकिंग, केवाईसी (ञ्चङ्घष्ट) जैसी प्रक्रियाएँ सुरक्षा और पारदर्शिता के लिए जरूरी हैं। लेकिन इन सबके बीच एक वर्ग ऐसा भी है जो अभी भी इन प्रक्रियाओं को पूरी तरह समझ नहीं पाता–ग्रामीण, अशिक्षित या कम शिक्षित लोग। उनके लिए बैंक एक जटिल संस्था है, जहाँ हर कदम पर कागज़, हस्ताक्षर और नियमों की दीवारें खड़ी होती हैं।

ऐसे में बैंक कर्मचारियों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। वे केवल अधिकारी नहीं, बल्कि एक मार्गदर्शक भी होते हैं। उनकी एक सही सलाह किसी की समस्या को हल कर सकती है, और उनकी एक लापरवाही किसी को ऐसी स्थिति में पहुँचा सकती है, जहाँ से वापस लौटना मुश्किल हो जाता है।

इस घटना में सबसे दुखद पहलू यह है कि एक भाई को अपनी बहन की कब्र तक खोदनी पड़ी। यह केवल एक शारीरिक कष्ट नहीं था, बल्कि एक गहरा मानसिक आघात भी था। अपने प्रियजन की कब्र को फिर से खोलना किसी भी इंसान के लिए अत्यंत पीड़ादायक होता है। यह उस दर्द की पराकाष्ठा है, जहाँ व्यक्ति अपनी भावनाओं को किनारे रखकर केवल सिस्टम को संतुष्ट करने के लिए कदम उठाता है।

यहाँ हमें यह भी समझना होगा कि गलती केवल एक व्यक्ति या एक संस्था की नहीं है। यह एक सामूहिक विफलता है–जहाँ प्रशासन, व्यवस्था और समाज सभी कहीं न कहीं जिम्मेदार हैं। प्रशासन इसलिए कि उसने प्रक्रियाओं को इतना जटिल बना दिया है कि आम आदमी उन्हें समझ नहीं पाता; बैंक इसलिए कि उसने अपने कर्मचारियों को संवेदनशील और जागरूक बनाने पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया; और समाज इसलिए कि हम अक्सर ऐसी घटनाओं को सुनकर कुछ समय के लिए आक्रोशित होते हैं, लेकिन फिर उन्हें भूल जाते हैं।

**19,300 रुपिया निकलने के लिए खोदी बहन की कबर, कंकाल लेकर पहुंचा बैंक**



इस घटना से हमें कई महत्वपूर्ण सीख मिलती हैं। सबसे पहली और जरूरी बात–प्रक्रियाओं को सरल और सुलभ बनाना। यदि किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है, तो उसके बैंक खाते से संबंधित कार्यों के लिए एक स्पष्ट और आसान प्रक्रिया होनी चाहिए, जिसे आम आदमी भी समझ सके। दूसरी बात–कर्मचारियों का प्रशिक्षण। उन्हें केवल नियमों की जानकारी ही नहीं, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण भी सिखाया जाना चाहिए। उन्हें यह समझना चाहिए कि उनके सामने खड़ा व्यक्ति केवल एक ग्राहक नहीं, बल्कि एक इंसान है, जिसकी अपनी समस्याएँ और भावनाएँ हैं।

तीसरी बात–जागरूकता। लोगों को यह जानकारी होना जरूरी है कि ऐसी स्थिति में उन्हें क्या करना चाहिए। मृत्यु प्रमाण पत्र, नॉमिनी, और अन्य कानूनी प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी देना सरकार और बैंकों की जिम्मेदारी है। यदि यह जानकारी समय पर और सही तरीके से पहुँचाई जाए, तो कई समस्याओं से बचा जा सकता है।

इसके अलावा, हमें अपने सिस्टम में लचीलापन भी लाना होगा। हर स्थिति एक जैसी नहीं होती, और हर समस्या का समाधान एक ही नियम से नहीं किया जा सकता। कभी-कभी परिस्थितियों को देखते हुए निर्णय लेना भी जरूरी होता है। यही वह जगह है जहाँ इंसानियत की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण हो जाती है।

यह घटना हमें यह भी याद दिलाती है कि तकनीक और आधुनिकता के इस दौर में हम कहीं न कहीं अपनी मूल मानवीय संवेदनाओं से दूर होते जा रहे हैं। हम नियमों, प्रक्रियाओं और कागज़ों के इतने आदी हो चुके हैं कि हमें सामने खड़े व्यक्ति का दर्द दिखाई ही नहीं देता। यह एक खतरनाक स्थिति है, क्योंकि यदि सिस्टम में इंसानियत नहीं होगी, तो वह केवल एक मशीन बनकर रह जाएगा।

अंततः, यह सवाल हम सभी के सामने खड़ा होता है–क्या हम एक ऐसे समाज में जीना चाहते हैं, जहाँ एक भाई को अपनी बहन की कब्र खोदनी पड़े? या हम ऐसा समाज बनाना चाहते हैं, जहाँ नियम और इंसानियत साथ-साथ चलें?

इस घटना को केवल एक खबर मानकर भूल जाना आसान है, लेकिन इससे सीख लेना और बदलाव की दिशा में कदम उठाना ही सच्ची संवेदनशीलता है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य में किसी को भी इस तरह की पीड़ा से न गुजरना पड़े।

क्योंकि अंत में, कोई भी नियम, कोई भी प्रक्रिया, किसी भी इंसान के दर्द और गरिमा से बड़ी नहीं हो सकती। इंसानियत ही वह आधार है, जिस पर हर व्यवस्था टिकी होनी चाहिए–और यदि वही कमजोर पड़ जाए, तो पूरी व्यवस्था का अस्तित्व ही सवालों के घेरे में आ जाता है।

लेखिका



सुषमा यदुवंशी
शिक्षाविद, मानसिक स्वास्थ्य सलाहकार, स्तंभकार

## कोई न पूछा

कोई न पूछा तू किस हाल में,
सब के सब बुरे फँसे जाल में।

मक्कारी से भरी हुई है चाल,
और कुछ नहीं इस खाल में।

जाने कौन सी कमाई कर रहे,
जो खुद फँस गए जंजाल में।

ज़माने के साथ जरा चलो भी,
वर्ना जाओगे काल के गाल में।

जीवन में चलता है हँसना-रोना,
सुख-दुख तो रहता हर काल में।

'उजाला' अपने लिए कुछ कर,
नहीं तो रह जायेगा सवाल में।

अनिल कसेर
'उजाला'

## देखी हूँ मैने..

देखी हूँ मैने
आंसुओं के कई रूप
जब अधिक पीड़ा मिलती तो
डबडबा जाती हैं आंखे
जैसे वो अश्रु अपनी संपूर्ण
ताकत
लगा देते हैं बाहर निकलने के
लिए
दूसरी ओर वो बोझिल मन
जो पूरी तरह से
उन्हें रोकता है
छुपाना चाहता है
अपनी वेदना को मानो
कि जैसे कुछ हुआ ही न हो
उस समय आंखों के अंदर युद्ध
चलता है
वही युद्ध जो महाभारत को
रोकने के लिए श्री कृष्ण के
अंतर्मन में चल रहा था
अनेक प्रयास के बाद भी
भगवान
जिसे रोक न पाए
वैसे ही कभी कभी हम
लाचार हो जाते हैं
और वो डबडबाई आंखे
लाखों प्रयास के बाद
भी छलक जाती हैं
समंदर में उठे तूफान को लेकर
और शांत कर देती है
हृदय को..
रिक्त हो जाता है
वेदना से भरा गागर..

लेखिका



वंदना सिंह
'त्वरित'

## जो करती पावन

जो करती पावन मनुज को है,
उसी का नाम गंगा है।
जो विश्नुपगा है कहलाती,
उसी का नाम गंगा है।
प्रवाहित तीव्र वेग से जो,
हिमालय से 'यमुनेश्वरी'।
त्रिपथगा है मेरी आस्था,
उसी का नाम गंगा है।



वल्लभ यमुनेश्वरी
नैनपुर


## दशा महा दशा..

पालतू और जंगली भैसा।
में शिक्षक ने बच्चों से अंतर पूछा।
बच्चों ने उत्तर नहीं बताया।
एक बच्चे ने हिम्मत कर।
शिक्षक से पूछा।
आप ही बता दीजिए।
शिक्षक ने बताया।
पालतू भैसा।
मोहल्ले-मोहल्ले में घुमता है।
जंगल से डाकू।
नक्सल खत्म।
इसलिए अब।
जंगल में अमंगल करने।
जंगली भैसा छोड़ा गया है।
अभी तो अच्छा लग रहा है।
दिनों दिन जब।
इसकी संख्यात्मक में।
बढ़ोत्तरी होगी।
जंगली भैसा का आंतक होगा।
तब भगाने।
फिर रुपया खर्च होगा?



आचार्य डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार 'वीर'

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 110



ck;ा l nk;ा !& 1) दीपक 4) उचित 6) प्रयोग करना, परखना, जांच करना 9) एक अंग्रेजी महीना 11) अकेला 13) मल्ल, कुश्ती लड़नेवाला 15) लड़ने के लिए आव्हान देना 16) आकाश, नभ 18) संपन्न 20) सूक्ष्म छानबीन, खोज 23) 'बंगाल्स् सॉरो' के नाम से जानी जानेवाली नदी. 25) सिरदर्द होने पर माथे पर लगाया जानेवाली लेप युक्त औषधी 26) अमेरिका द्वारा अन्तरिक्ष में यान छोड़नेवाला एक प्रसिद्ध विज्ञान संस्था 'नेशनल एक्रानॉटिक्स एन्ड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन' का संक्षिप्त नाम 28) एक फल या रंग 30) आघात, चोट, दुःख 32) हमेशा 33) परिवर्तन 34) गरीब, निर्धन 36) पुलकित होना 37) 'नगाड़ा' शब्द का गलत उच्चारण 38) अंदर से बाहर आना 39) तुच्छ, रहित 40) किसी से झपटकर कोई चीज छीन लेना 42) बेहोशी 43) नरसिंह 44) संकेत, चेष्टा, गुप्त प्रेरणा 45) राजा की मुख्य रानी, प्रधान रानी 47) हरण करना 48) नमक का स्वाद 49) 'मैं' का बहुवचन 51) घमंड 52) निर्भय, निर्भीक 54) सन्तति 56) विपत्ति, संकट 57) एक किस्म की सुगंधित घास 58) बन्दर 59) ओड़ीसी के एक भूतपूर्व मुख्यमंत्री का पूरा नाम 61) चारपाई 63) ज्वालामुखी से बहनेवाला तप्त द्रव 64) नरम 66) एक वस्तु का दूसरी वस्तु से जोर से भिड़ना 67) कामदेव 68) रिश्ता 69) किसी कच्ची वस्तु को आंच आदिद्वारा पुष्ट या तैयार करना 70) टालमटोल करना इस अर्थ का एक मुहावरा 73) गंदगी 75) पुतना का भूतकाल 76) आश्रय 78) पुरुष 79) एक फूल, एक पूर्व अभिनेत्री का नाम 80) एक धातु 81) यथार्थ में, अवश्य 83) प्रेम, अनुचित संबंध (उर्दू) 85) कुछ साल पूर्व दूरदर्शन पर प्रसारित धारावाहिक 'करमचंद' में जासूस की भूमिका करनेवाला अभिनेता 88) नौका चालक, मल्लाह 90) असफल 91) नया पैदा हुआ 93) प्रथा, रिवाज 95) यात्रा 97) शीश, माथा 98) चिन्तन 100) मजबूत 103) अन्दर 105) विष्णु 106) एक देश जिसकी राजधानी बेरुत है 107) अपने मन के मुताबिक करना, स्वेच्छाचारिता 108) निंदा करना अर्थ का एक मुहावरा, नाम करण 109) नशीलापन

Åij l uhp !& 1) गोंद आदि से दो वस्तुओं का जुड़ना 2) पथ, मार्ग 3) अशुद्ध, जो ठीक न हो 4) श्रीरामजी की पत्नी और जनक राजा की कन्या 5) कटोरियों मे पानी रखकर उनपर आघार कर के ध्वनि निकालने का वाद्य 6) नभांगण, आसमान 7) धन, सम्पत्ति 8) सांप 9) हमारे प्रधानमंत्री 10) बाल 11) किसी वस्तु के नीचे का भाग 12) पछताना इस अर्थ का एक मुहावरा 14) प्रशंसा पाना आशय का एक मुहावरा 17) प्राचीन कालीन एक शस्त्र 18) जो चिकना न हो 19) नुकसान 21) जिसे एक आंख से ही दिखाई देता हो 22) मतवाला, बेहोश 24) मजार, मकबरा 25) मेघ 27) जरिया, उपकरण 29) दिखावटी साहस दिखाना इस अर्थ का एक मुहावरा 30) मोक्ष, अच्छी गति 31) मान लिया 33) अज 35) शिवजी की नृत्य मुद्रा का नाम 38) लक्ष्य 39) बहाना, टालमटोल 41) मां की मां 44) विचार, उद्देश्य 46) क्रोध, गुस्सा, मानसिक कष्ट 47) खामोश कराना 48) विशेष 50) राजी कराना 52) उदास, जिसका चित्त न लगता हो 53) मुसलमान 54) लड़खड़ाने से बचना 55) स्वांग रचनेवाली एक जाति, अभिनेता 56) अधिक आमदनी वाले व्यक्तियोंद्वारा सरकार को दिया जानेवाला कर, इन्कमटैक्स 57) चारपाई में पाया जानेवाला एक कीड़ा 59) स्वाद 60) नाट्य, नाटिका 62) अवांछित 65) गायब 70) कराहने की आवाज 71) किसी बात में बड़ों से बढ़कर होना इस अर्थवाला एक मुहावरा 72) कमल 73) मास 74) नजदीक, आजूबाजू 75) चूमने का सा स्वर निकालकर प्यार प्रदर्शित करना 76) भूने आम का एक पेय 77) नाई की पत्नी 80) लोगों को ले जानेवाला वाहन 82) योग्य, उचित 83) विस्तार 84) ओस 85) एक भारतीय राज्य 86) नदी में आयी हुई बाढ़ 87) तर, आनन्द मग्न 89) ब्राह्मण 92) भारी 94) विचार 96) नदी 99) ईसाई साध्वी (अंग्रेजी) 101) सांस 102) परत 104) लक्ष्मी,, विष्णु पत्नी (जवाब अगले अंक में )

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गि | री | श | क | र्ना | ड | ■ | उ | षा | मं | गे | श | क | र | ■ | पा | नी | ■ | ख | ब | र |
| ल | त | ■ | सू | ■ | स | मी | प | ■ | द | ■ | रा | ■ | फू | ट | प | ड़ | ना | ■ | ल | ■ |
| ह | ■ | प | र | ना | ना | ■ | हा | नि | ■ | मो | र | नी | ■ | ■ | ड़ | ■ | प | क | वा | न |
| री | त | रि | वा | ज | ■ | ध | र | ती | ■ | ह | त | ■ | ख्वा | ब | ■ | ■ | ना | री | ■ | ज |
| ■ | ब | स | र | ■ | पै | र | ■ | श | क | ल | ■ | च | ■ | द | ला | ल | ■ | ब | गु | ला |
| स | ■ | र | ■ | त | ■ | म | हा | भा | र | त | ■ | म | का | न | मा | लि | क | ■ | र | ■ |
| वा | मा | ■ | आ | रा | ■ | क | ल | र | ■ | ■ | द | गा | बा | ज | ■ | त | ल | ब | गा | र |
| ल | ता | मं | गे | श | क | र | ■ | द्वा | रि | का | ■ | द | ■ | र | ■ | क | ■ | द | ■ | मे |
| ज | ■ | डी | ■ | ना | ■ | म | री | ज | ■ | ज | क | ड़ | ना | ■ | बा | ला | ■ | ह | ता | श |
| वा | दा | ■ | स | ■ | सु | ■ | छ | ■ | क | ल | म | ■ | श | ही | द | ■ | प | वा | र | ■ |
| ब | ल | ■ | रा | स | आ | ना | ■ | र | मी | ■ | र | श्मि | ■ | न | ■ | त | र | स | ना | ■ |
| ■ | ची | र | फा | ड़ | ■ | प | रा | ग | ■ | खा | क | ■ | खा | ता | खो | ल | ना | ■ | ■ | रा |
| क | नी | ज | ■ | क | प | ■ | हू | र | ■ | म | स | ल | ना | ■ | ज | वा | नी | ■ | ■ | स |
| या | ■ | क | फ | ■ | र | ग | ■ | ग | श | खा | ना | ■ | ब | या | ■ | र | ■ | मु | र | ली |
| म | त | ■ | रे | खा | ग | णि | त | ■ | रा | ह | ■ | मं | दो | द | री | ■ | क | र | ब | ला |
| त | र | की | ब | ■ | ना | का | म | या | ब | ■ | न | दी | श | ■ | म | द | द | गा | र | ■ |

anumeya-08446302691

## जन नेताओं के नाम

साथ में दिये गये अक्षरों में आज की भारतीय राजनीति पर प्रभाव डालनेवाले कुछ नेताओं के नाम छुपे हुये है। इन अलग अलग अक्षरों को जोड़ कर इन नेताओं के नाम खोजिये !

अ कृ ख ग गां ज ज र्जी
र्जी ड ण ता ता द द द
दी धी न न न न नि नी
न्द्र प प्र प्र बॅ म म म
मा मु मो मो य या या र
र रा रे ल ल ला ला लि
लू व व वा वा श ष ष्ण
सा सु सिं सो स्व ह

## सू-डोकू- 110

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 3 | 7 | | |
| | | | 7 | | 9 | 4 | 1 | |
| | | | 1 | | 2 | 6 | 3 | 9 |
| 8 | 2 | 7 | | 4 | 1 | | | 6 |
| 5 | | 4 | | 2 | | 9 | 7 | |
| | 1 | 6 | 5 | 3 | | 2 | | 8 |
| 7 | 8 | | 3 | 9 | 6 | | | |
| 3 | | 9 | 2 | | | | | |
| 1 | 6 | | 8 | | 4 | | 9 | |

● आपको हर आड़ी और खड़ी पंक्ति में 1 से 9 यह अंक इस तरह लिखना है की, एक पंक्तिमें एक अंक एकही बार आना चाहिये. ● हर आड़ी और खड़ी पंक्ति और हर 3 X 3 के वर्ग में 1 से 9 यह अंक आनाही चाहिये. ● पहले से छपे अंको को हिलाना नहीं..

**lMkd 109 dk tokc**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 2 | 3 | 6 | 9 | 1 | 5 | 7 |
| 1 | 7 | 3 | 8 | 5 | 2 | 4 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 2 | 3 |
| 4 | 8 | 1 | 2 | 9 | 6 | 7 | 3 | 5 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 3 | 8 | 9 | 4 | 1 |
| 9 | 3 | 5 | 7 | 1 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 1 | 8 | 9 | 2 | 5 | 6 | 7 | 4 |
| 7 | 2 | 4 | 6 | 8 | 3 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 |





# ड्रेसिंग रूम में ई-सिगरेट पीते हुए पकड़े जाने पर रियान पराग विवादों से घिरे..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग मंगलवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान ड्रेसिंग रूम में 'वेपिंग' (ई-सिगरेट का इस्तेमाल करना) करते हुए टीवी कैमरों में कैद होने के बाद विवादों में घिर गए हैं।***

भारत सरकार ने 2019 में ई-सिगरेट पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिसमें इसका उत्पादन, बिक्री और वितरण शामिल था। इस संबंध में कानून के अनुसार पहली बार अपराध करने पर दोषी को एक साल तक की कैद हो सकती है या/और उस पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया सकता है।

आईपीएल के मौजूदा सत्र में रन बनाने के लिए जूझ रहे पराग पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के सीधा प्रसारण के दौरान ड्रेसिंग रूम में ई-सिगरेट का सेवन करते हुए देखे गए।

कैमरे में कैद हुई इस घटना पर सोशल मीडिया पर तुरंत ही प्रतिक्रिया होने लगी। पराग ने अपनी टीम की जीत में 16 गेंदों में 29 रन बनाए थे। इस प्रतियोगिता के संचालन से जुड़े आईपीएल और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अधिकारियों ने इसे सोशल मीडिया और टीवी कैमरों की निगरानी के युग में बेहद लापरवाही वाला कृत्य करार दिया।

आईपीएल के एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया, 'कई खिलाड़ी ई-सिगरेट का सेवन करते हैं, लेकिन वे ड्रेसिंग रूम में ऐसा नहीं करते। इतने सारे कैमरों के बीच ऐसा करना बेहद जोखिम और लापरवाही भरा है। पराग को खुलेआम ई-सिगरेट पीते हुए पकड़े जाने के बाद बीसीसीआई को कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।' राजस्थान रॉयल्स टीम का कोई भी अधिकारी इस मामले पर टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं था। आईपीएल के मौजूदा सत्र में यह पहला अवसर नहीं है जबकि राजस्थान किसी विवाद में पड़ा।

इससे पहले इसी महीने की शुरुआत में टीम मैनेजर रोमी भिंडर पर डगआउट में फोन का इस्तेमाल करने कारण नियमों का उल्लंघन करने के लिए एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था। आईपीएल के एक अन्य सूत्र ने पीटीआई को बताया कि मौजूदा टूर्नामेंट से पहले मुंबई में कप्तानों की बैठक में ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों की निजता का मुद्दा उठाया गया था। कुछ कप्तानों ने सीधा प्रसारण के दौरान ड्रेसिंग रूम की ओर कैमरे घुमाए जाने पर आपत्ति जताई थी।

सूत्र ने कहा, 'यह ड्रेसिंग रूम में ई-सिगरेट के इस्तेमाल से सीधे तौर पर संबंधित नहीं था। यह मोटे तौर पर खिलाड़ियों की निजता से जुड़ा था। कई बार खिलाड़ी ड्रेसिंग रूम में पूरे कपड़े नहीं पहने होते हैं या वे कैमरों से बचना चाहते हैं।' सूत्र के अनुसार खिलाड़ियों को बताया गया कि ड्रेसिंग रूम से फुटेज दिखाने वाले कैमरों के बारे में फैसला लेना बीसीसीआई का नहीं बल्कि प्रसारक का काम है। इस घटना के बाद इसकी समीक्षा की जा सकती है। सूत्र ने कहा, 'यह पराग की तरफ से लापरवाही थी और इस तरह की घटना का बचाव करना मुश्किल है। एक शीर्ष खिलाड़ी का इस तरह धूम्रपान करते हुए पकड़े जाना लोगों के लिए अच्छा उदाहरण नहीं है।'

ई-सिगरेट निषेध अधिनियम (पीईसीए) 2019 के अनुसार, 'कोई भी व्यक्ति प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ई-सिगरेट का उत्पादन या निर्माण या आयात या निर्यात या परिवहन या बिक्री या वितरण नहीं करेगा और ई-सिगरेट का विज्ञापन नहीं करेगा या किसी ऐसे विज्ञापन में भाग नहीं लेगा जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ई-सिगरेट के उपयोग को बढ़ावा देता हो।'

जॉन हॉपकिंस मेडिसिन के अनुसार, 'ई-सिगरेट का इस्तेमाल करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, हालांकि यह सिगरेट पीने जितना हानिकारक नहीं हो सकता है।' उसके अनुसार, 'निकोटिन नियमित सिगरेट और ई-सिगरेट का मुख्य घटक है और इससे लत लग जाती है। इससे धूम्रपान की तीव्र इच्छा पैदा होती।' जॉन हॉपकिंस मेडिसिन की वेबसाइट पर एक विशेषज्ञ के लेख में कहा गया है, 'निकोटिन एक जहरीला पदार्थ है। यह रक्तचाप और एड्रेनालाईन का स्तर बढ़ाता है, जिससे हृदय गति बढ़ जाती है और दिल का दौरा पड़ने की संभावना बढ़ जाती है।'

# 'शांति ही असली लग्जरी है', अर्जुन कपूर का इमोशनल पोस्ट, बहन के लिए कही खास बात..



डेस्क जगप्रेरणा।

***आज के इस दौर में जहां हर कोई सफलता की अंधी दौड़ में शामिल है, वहां अक्सर हम अपनी मानसिक शांति और खुद को समय देना भूल जाते हैं। ग्लैमर की चकाचौंध से भरे फिल्मी गलियारों में रहने वाले सितारों के लिए तो यह चुनौती और भी बड़ी हो जाती है।***

हाल ही में एक मशहूर अभिनेता ने दुनिया के शोर-शराबे से दूर जाकर कुछ वक्त बिताया। उनका यह अनुभव केवल एक साधारण छुट्टियाँ बिताने जैसा नहीं था, बल्कि यह खुद को फिर से खोजने और जीवन की असली प्राथमिकताओं को समझने का एक प्रयास था। इस यात्रा के दौरान उन्होंने जो महसूस किया, वह आज के समय में हर उस इंसान के लिए एक सबक है जो काम के बोझ तले दबा हुआ महसूस करता है।

## 'जेन' जैसा अनुभव और शांति की नई परिभाषा..

अभिनेता अर्जुन कपूर ने हाल ही में ऑस्ट्रिया की खूबसूरत वादियों में स्थित विवामायर मारिया वर्थ का रुख किया। यह स्थान अपने विशेष हेल्थ प्रोग्राम्स और शांतिपूर्ण वातावरण के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है। अपनी व्यस्त दिनचर्या से थोड़ा ब्रेक लेकर उन्होंने यहां कुछ दिन बिताए। अपनी इस यात्रा के अनुभवों को साझा करते हुए अर्जुन ने लिखा कि असली लग्ज़री महंगी गाड़ियां या ऐशो-आराम नहीं, बल्कि मानसिक शांति है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'जेन जैसा सुकून। पिछले कुछ दिनों में मैंने खुद को थोड़ा धीमा किया। न कोई जल्दी थी और न ही काम का बोझ... बस हर एक पल को गहराई से जीया।' अर्जुन के मुताबिक इस ठहराव ने उन्हें अंदर से हल्का और तरोताजा महसूस कराया है। उनका यह संदेश साफकरता है कि कभी-कभी जिंदगी की गति को धीमा करना ही आगे बढ़ने का सबसे सही तरीका होता है।


## भाई-बहन के अटूट प्रेम की एक खूबसूरत झलक..

इस ट्रिप की सबसे दिल छू लेने वाली बात अर्जुन और उनकी बहन अंशुला कपूर के बीच का गहरा रिश्ता रहा। अर्जुन ने स्पष्ट किया कि शांति की इस तलाश में उनकी बहन का साथ उनके लिए कितना मायने रखता है। उन्होंने अपनी भावनाओं को शब्दों में पिरोते हुए लिखा, 'अंशुला के बिना यह हफ्ता इतना आसान और सुखद नहीं होता।' यह कोई छिपी हुई बात नहीं है कि अर्जुन और अंशुला हर सुख-दुख में एक-दूसरे की ढाल बनकर खड़े रहे हैं। ऑस्ट्रिया की यह यात्रा केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नहीं थी, बल्कि भाई-बहन के इस अटूट बंधन को और भी मजबूत करने का जरिया बनी। अर्जुन का यह पोस्ट याद दिलाता है कि जब हम दुनिया से कटकर सुकून ढूंढते हैं तो अपनों का साथ उस सुकून को दोगुना कर देता है।

## अर्जुन कपूर का करियर..

अर्जुन कपूर ने साल 2012 में यशराज फिल्म्स की 'इशकजादे' से बॉलीवुड में दमदार डेब्यू किया, जिसके लिए उन्हें काफी सराहना मिली। इसके बाद 'गुंडा', '2 स्टेट्स' और 'की एंड का' जैसी फिल्मों के जरिए उन्होंने बॉक्स ऑफिस पर अपनी व्यावसायिक पकड़ मजबूत की। विशेषकर '2 स्टेट्स' उनके करियर की सबसे बड़ी हिट्स में से एक रही। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में उनके करियर ने उतार-चढ़ाव देखे हैं और उनकी कई फिल्मों को औसत प्रतिक्रिया मिली। बावजूद इसके, अर्जुन ने 'संदीप और पिंकी फरार' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय कौशल से समीक्षकों को प्रभावित किया। अभिनय के अलावा वे अपने बेबाक अंदाज और फिटनेस ट्रांसफॉर्मेशन के लिए भी चर्चा में रहते हैं। हाल ही में वे अपनी अगली बड़ी फिल्मों के साथ पर्दे पर एक नई और प्रभावशाली वापसी के लिए तैयार नजर आ रहे हैं।

# दिग्गज भारतीय गोल्फर विजय कुमार का निधन..




जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***अपने जमाने के दिग्गज भारतीय गोल्फर विजय कुमार का उनके गृह नगर लखनऊ में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 57 वर्ष के थे। इंडियन ओपन 2002 के विजेता और चार बार के 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' चैंपियन विजय भारतीय पेशेवर गोल्फ के सबसे सफल और सम्मानित खिलाड़ियों में से एक थे।***

विजय ने 1988 में पेशेवर गोल्फर के रूप में करियर शुरू किया। उन्होंने एक दशक से भी अधिक समय तक भारतीय घरेलू गोल्फ पर अपना दबदबा बनाए रखा और इस दौरान कई खिताब जीते। इंडियन ओपन 2002 में उनकी जीत विशेष रूप से उल्लेखनीय है। वह इंडियन ओपन जीतने वाले नौ भारतीय गोल्फरों में से एक हैं। विजय ने 1999 में स्कॉटलैंड के सेंट एंड्रयूज में अल्फ्रेड डनहिल कप में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया था। 'डीपी वर्ल्ड प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया' के अध्यक्ष कपिल देव ने विजय कुमार के निधन को भारतीय गोल के लिए बड़ी क्षति बताया। कपिल ने कहा, 'विजय कुमार भारतीय गोल्फ के महान खिलाड़ियों में से एक थे। अपनी उपलब्धयों, विनम्रता और खेल के प्रति समर्पण ने उन्हें गोल्फरों की कई पीढ़ियों के लिए एक आदर्श बना दिया। उनका निधन भारतीय गोल्फके लिए बड़ी क्षति है। हम उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं।'

# 10वीं में सगाई, 15 की उम्र में शादी और 17 साल में मां बन गई थी ये एक्ट्रेस, जुवेनाइल डायबिटीज से गई थी बेटी की जान...



डेस्क जगप्रेरणा।

***मनोरंजन जगत को लेकर अक्सर सुनने को मिलता है कि अगर कोई एक्ट्रेस शादी कर ले तो उसका करियर लगभग खत्म हो जाता है। हालांकि, पिछले कुछ सालों में ये धारणा काफी हद तक बदली है,***

लेकिन 70, 80 और यहां तक की 90 के दशक तक अभिनेत्रियों के लिए शादी के बाद फिल्मी दुनिया में पैर जमाए रहना बिलकुल भी आसान नहीं था। इंडस्ट्री में ऐसी कई अभिनेत्रियां हैं, जिन्होंने शादी के बाद अपना चमचमाता करियर खो दिया। लेकिन, आज हम आपको एक ऐसी अभिनेत्री के बारे में बताते हैं, जिन्होंने फिल्मों में एंट्री ही शादी के बाद की थी। ऐसा कम ही होता है, लेकिन मौसमी चटर्जी के मामले में शादी के बाद करियर खत्म होने वाली बातें एक दम धरी की धरी रह गईं।

## कम उम्र में हो गई थी शादी..

मौसमी चटर्जी तब मात्र 10वीं क्लास में थीं, जब उनके माता-पिता ने सिंगर हेमंत कुमार के बेटे जयंत मुखर्जी से उनकी सगाई कर दी थी और 15 साल में दोनों की शादी हो गई। शादी को 2 साल ही गुजरे थे और 17 की उम्र में मौसमी चटर्जी मां बन गई थीं। मौसमी चटर्जी अक्सर अपनी शादी को लेकर बात करती रहती हैं। लहरें रेट्रो के साथ बातचीत में भी अपनी शादी के बारे में बात की थी और बताया था कि उनकी शादी इसलिए जल्दी हो गई थी, क्योंकि उनकी बड़ी बुआ उन्हें दुल्हन बनते देखना चाहती थीं, जिसके बाद उनके ससुर और सिंगर हेमंत कुमार ने उनके परिवार को शादी का सुझाव दिया था।

## एक्टिंग की दुनिया में एंट्री..

मौसमी चटर्जी ने तरुण मजूमदार की बंगाली फिल्म 'बालिका वधू' में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट काम किया था। इसके बाद उनके पास फिल्मों के ऑफर आने लगे, लेकिन उन्होंने पढ़ाई के चलते अभिनय से दूरी बना ली। मगर शादी के बाद उन्हें उनके पति और ससुर जी का साथ मिला, जिसके बाद उन्होंने फिर 1972 में शक्ति सामंत द्वारा निर्देशित 'अनुराग' से फिल्मों में वापसी की और हिंदी डेब्यू किया। इस फिल्म में उन्होंने एक अंधी लड़की का किरदार निभाया था, जिसमें उनके अभिनय को देखने के बाद हर कोई उनका मुरीद हो गया और फिर ऑफर्स की लाइन लग गई। दिलचस्प बात तो ये है कि इसके बाद उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी के दौरान भी काम किया था।

## जुवेनाइल डायबिटीज से गई बेटी की जान..

मौसमी चटर्जी ने अपने करियर में कई हिट फिल्में दीं, लेकिन हमेशा उन्होंने अपने करियर से ज्यादा परिवार को महत्व दिया। जयंत मुखर्जी के साथ उनकी दो बेटियां हुईं। लेकिन, 2019 में अभिनेत्री के ऊपर तब दुखों का पहाड़ टूट पड़ा जब उनकी बेटी पायल सिन्हा का देहांत हो गया। इस दौरान पायल की उम्र 45 साल थी। पायल लंबे समय से जुवेनाइल डायबिटीज से जूझ रही थीं, जिसके चलते वह लंबे समय तक कोमा में भी रहीं। पायल के निधन के बाद मौसमी चटर्जी ने अपनी बेटी के पति डिकी सिन्हा और ससुरालवालों पर लापरवाही का आरोप लगाया था।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी और लक्ष्य हारे

# भारत थॉमस कप फाइनल में चीन से 0-2 से पीछे..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***लक्ष्य सेन तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी को करीबी हार का सामना करना पड़ा जिससे भारत बुधवार को यहां थॉमस कप फाइनल्स के ग्रुप ए के आखिरी मुकाबले में चीन से 0-2 से पीछे चल रहा है।***

विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य को दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी ली शि फेंग से कड़ा संघर्ष करने के बावजूद तीन गेम तक चले मुकाबले में शिकस्त झेलनी पड़ी। लक्ष्य ने पिछले महीने 'ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप' में ली को हराया था। वह बुधवार को निर्णायक गेम में उसी फॉर्म को दोहरा नहीं पाए और 19-21, 21-8, 12-21 से पराजित हो गए। भारत को सात्विक और चिराग की दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से मुकाबले को बराबर करने की उम्मीद थी।

लेकिन पांच मैच प्वाइंट बचाने के बावजूद यह जोड़ी मौकों को भुनाने में नाकाम रही और आखिरकार पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता लियांग वेई केंग और वांग चांग से 13-21, 21-13, 24-26 से हार गई। अब सारा दारोमदार आयुष शेट्टी पर होगा कि वह वेंग होंग यांग का सामना करते हुए भारत को इस मुकाबले में बनाए रखें। आयुष इस महीने की शुरुआत में एशिया चैंपियनशिप के उपविजेता रहे थे। वहीं हरिहरन अमसकरुनन और एमआर अर्जुन की युगल जोड़ी ही जी टिंग और रेन जियांग यू की जोड़ी से भिड़ेगी।

पहले गेम में लक्ष्य 3-6 से पीछे चल रहे थे, उन्होंने क्रॉस कोर्ट स्लाइस और तेज स्मैश के बाद ली के शॉट के बाहर जाने से वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर लिया। दोनों खिलाड़ियों के बीच जोरदार स्मैश लगे जिसके बाद ली ने 10-8 की बढ़त बना ली और ब्रेक तक बढ़त बनाए रखी।

ब्रेक के बाद लक्ष्य ने 14-13 से आगे निकल गए। लेकिन मुकाबला बेहद कड़ा हो गया और दोनों खिलाड़ी 19-19 पर बराबरी पर आ गए। इसके बाद ली ने लगातार दो निर्णायक अंक हासिल करते हुए पहला गेम जीत लिया।

दूसरा गेम पूरी तरह से एकतरफा रहा। ली की तरफ से हुई कई गलतियों का फायदा उठाते हुए लक्ष्य तेजी से 5-0 और फिर 11-2 से आगे निकल गए। भारतीय खिलाड़ी ने लगातार दबाव बनाए रखा और मुकाबले को निर्णायक तीसरे गेम तक खींच ले गए। तीसरे गेम में लक्ष्य 1-4 से पिछड़ रहे थे लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए स्कोर 7-7 से बराबर कर लिया।

हालांकि ब्रेक के समय तक ली ने लक्ष्य की गलतियों से बढ़त बना ली थी। लक्ष्य ने 10-12 के स्कोर पर एक सटीक क्रॉस कोर्ट रिटर्न के साथ एक लंबी रैली जीतकर ली के लिए चुनौती पेश की। लेकिन उनके स्मैश में बार-बार हुई गलतियों ने ली को फिर से मैच पर नियंत्रण बनाने का मौका दे दिया। चीन के खिलाड़ी ने अपनी बढ़त को 17-12 तक बढ़ा दिया और जल्द ही आठ मैच प्वाइंट हासिल कर लिए। उन्होंने एक शानदार क्रॉस कोर्ट स्मैश लगाकर जीत दर्ज की।

# 2018 की फ्लॉप फिल्म, री-रिलीज ने बनाया सुपरहिट कल्ट, अब आ रहा दूसरा पार्ट, तय हुई रिलीज डेट..




डेस्क जगप्रेरणा।

भारतीय सिनेमा की सबसे चर्चित और कल्ट क्लासिक हॉरर फिल्मों में शुमार 'तुम्बाड' के प्रशंसकों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। लंबे समय से चल रहे सस्पेंस को खत्म करते हुए मेकर्स ने आधिकारिक तौर पर 'तुम्बाड 2' की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है।

अभिनेता और निर्माता सोहम शाह की यह मच-अवेटेड फिल्म 3 दिसंबर 2027 को बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। यह एलान एक ऐसे समय में हुआ है जब फिल्म की टीम पिछले कुछ हफ्तों से मोशन पोस्टर्स और छोटे वीडियो अपडेट्स के जरिए दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ा रही थी। साल 2024 में 'तुम्बाड' के दोबारा रिलीज होने पर मिली बंपर सफलता ने यह साफकर दिया था कि दर्शक इस जादुई और डरावनी दुनिया को दोबारा देखने के लिए बेताब हैं।

## क्या थी 'तुम्बाड' की कहानी?

साल 2018 में रिलीज हुई 'तुम्बाड' भारतीय लोक कथाओं पर आधारित एक अनोखी हॉरर फिल्म थी। फिल्म की कहानी महाराष्ट्र के 'तुम्बाड' गांव की एक दबी हुई पौराणिक कथा और हस्तर नाम के एक शापित देवता के इर्द-गिर्द घूमती है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे इंसानी लालच विनाश का कारण बनता है। फिल्म में सोहम शाह ने विनायक राव की मुख्य भूमिका निभाई थी, जिनका अभिनय और शारीरिक परिवर्तन काबिल-ए-तारीफ था। उनके साथ ज्योति मालशे और अनीता दाते जैसे कलाकारों ने अहम भूमिकाएं निभाईं।

शुरुआत में फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धीमी गति से बढ़त बनाई और अपने पहले रन में लगभग 13 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। लेकिन फिल्म की असली ताकत ओटीटी पर इसकी लोकप्रियता से पता चली। साल 2024 में जब इसे दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज किया गया तो इसने इतिहास रच दिया। री-रिलीज के दौरान फिल्म ने 30 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर पुराने रिकॉर्ड्स को ध्वस्त कर दिया, जो भारतीय सिनेमा में एक दुर्लभ मिसाल है।

## 'तुम्बाड 2' में क्या होगा खास?

फिल्म के सीक्वल को लेकर सोहम शाह काफी उत्साहित हैं। उनका कहना है कि 'तुम्बाड 2' का मकसद पहली फिल्म के उस पौराणिक माहौल और विजुअल अनुभव को और भी गहराई तक ले जाना है। सोहम शाह के मुताबिक, कहानी की नई परतों को टटोला जा रहा है जो अपनी आत्मा में तो जानी-पहचानी लगेंगी, लेकिन उनका प्रस्तुतिकरण बिल्कुल नया और भव्य होगा। निर्देशक आदेश प्रसाद ने भी स्वीकार किया कि पहली फिल्म की सफलता के बाद सीक्वल बनाना एक बड़ी चुनौती थी,

लेकिन उनका पूरा ध्यान फिल्म की मूल 'आत्मा' को बचाए रखने पर रहा है। वे दर्शकों को एक ऐसा जादुई अनुभव देना चाहते हैं जो अपनी जड़ों से जुड़ा होने के साथ-साथ सिनेमाई तौर पर भी बहुत विशाल हो।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





# रुपया 20 पैसे टूटकर अबतक के सबसे निचले स्तर 94.88 प्रति डॉलर पर बंद..



मुंबई, (भाषा)।

***अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बुधवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 20 पैसे टूटकर 94.88 प्रति डॉलर के अपने अबतक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ।***

अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड की बढ़ती कीमतों (जो करीब 115 डॉलर प्रति बैरल के आसपास मंडरा रही है) और विदेशी पूंजी की लगातार निकासी से रुपये पर दबाव बना हुआ है।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चा तेल इस बढ़ी हुई कीमत से भारत के आयात खर्च पर असर पड़ने की आशंका है। साथ ही, पश्चिम एशिया में जारी संकट और इसके व्यापक संघर्ष में बदलने की आशंकाओं ने निवेशकों की चिंता बढ़ाई है।

विश्लेषकों के अनुसार, निवेशक अब अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आगामी नीतिगत फैसले का इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा, इस साल अब तक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की भारी बिकवाली ने भी निवेश धारणा को कमजोर किया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.79 प्रति डॉलर पर खुला और कारोबार के दौरान 94.88 के निचले स्तर तक गया। अंत में यह सर्वकालिक निचले स्तर 94.88 पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 20 पैसे की गिरावट है। मंगलवार को रुपया 53 पैसे की गिरावट के साथ 94.68 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। रुपये का सर्वकालिक निचला बंद स्तर 27 मार्च को 94.85 प्रति डॉलर दर्ज किया गया था।

एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष (जिंस और मुद्रा) जतीन त्रिवेदी ने कहा, ÷रुपये में कमजोरी का रुझान बना हुआ है और जब भी इसमें उछाल आता है, बिकवाली का दबाव बना रहता है। इससे यह ऊंचे स्तर पर टिक नहीं पाता....। आने वाले समय में रुपये में उतार-चढ़ाव बना रहेगा और इसकी दिशा कच्चे तेल की कीमतों तथा पूंजी के प्रवाह पर निर्भर करेगी।÷

इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.08 प्रतिशत बढ़कर 98.72 पर पहुंच गया।

अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव वायदा कारोबार में 3.13 प्रतिशत बढ़कर 114.74 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

इस बीच, संयुक्त अरब अमीरात ने मंगलवार को कहा कि वह एक मई से ओपेक से बाहर हो जाएगा, जो वैश्विक तेल समूह के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है।

घरेलू शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स 609.45 अंक उछलकर 77,496.36 अंक पर रहा, जबकि एनएसई निफ्टी 181.95 अंक चढ़कर 24,177.65 अंक पर पहुंच गया।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने बुधवार को 2,468.42 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# जेएलआर इंडिया को कार की पूरी कीमत 1.65 करोड़ रुपये उपभोक्ता को लौटाने का आदेश..




देहरादून, (भाषा)।

***उत्तराखंड राज्य उपभोक्ता विवाद निपटान आयोग ने लक्जरी कार विनिर्माता कंपनी जेएलआर इंडिया को उसकी पूरी कीमत 1.65 करोड़ रुपये ब्याज सहित ग्राहक को लौटाने का आदेश दिया है।***

कंपनी के एक प्रमुख एसयूवी में विनिर्माण दोष तथा अनधिकृत संरचनात्मक बदलाव पाए जाने के बाद यह निर्देश दिया गया है। आयोग की अध्यक्ष कुमकुम रानी तथा सदस्य बी एस मनराल की पीठ ने सोमवार को सुनाए अपने फैसले में कहा है कि विनिर्माता ने विज्ञापन में दिए अपने प्रदर्शन मानकों को पूरा करने में विफल रहने वाले वाहन को बेचकर 'अनुचित व्यापार व्यवहार' और 'सेवा में कमी' की है ।

आयोग में शिकायत हरिद्वार जिले के रूड़की स्थित मैसर्स ईप्रो ग्लोबल लिमिटेड ने दर्ज कराई थी जिससे अक्टूबर 2022 में अपने निदेशक जगदीप चौहान के लिए 'डिफेंडर 110 एक्स' खरीदी थी ।

शिकायतकर्ता के वकील वैभव जैन के मुताबिक, यह एसयूवी अपने मूल वादों पर खरी नहीं उतर पाई। प्रमुख शिकायतों में से एक वाहन की एक्सीलरेशन क्षमता यानी गति बढ़ाने में कार द्वारा लिए जाने वाले समय से संबंधित थी जो कंपनी द्वारा विज्ञापन में दिए गए दावे से कहीं कम थी। कंपनी ने विज्ञापन में कहा गया था कि ÷पी400÷ मॉडल 6.1 सेकंड में 0-100 किमी/घंटा की गति तक पहुंच सकता है लेकिन शिकायतकर्ता ने सबूत पेश किया कि वाहन को उस गति को प्राप्त करने में लगातार 7.1 सेकंड से अधिक समय लगता था। आयोग ने पाया कि शिकायतकर्ता इस गलत बयान से 'धोखा' खा गया जो उसके द्वारा 1.65 करोड़ रुपये के वाहन की खरीद का एक महत्वपूर्ण कारक था।

एडवोकेट जैन ने तर्क दिया कि वाहन में 'फ्यूल फिलर फ्लैप- सेंट्रल लॉकिंग' प्रणाली का अभाव था, जो एक आवश्यक सुरक्षा सुविधा है और मानक विशिष्टताओं की सूची में शामिल थी। उन्होंने जोर दिया कि इस लॉकिंग प्रणाली के न होने से सुरक्षा का गंभीर खतरा पैदा होता है, क्योंकि अनाधिकृत व्यक्ति आसानी से ईंधन टैंक तक पहुंच कर ईंधन चुरा सकते हैं या रेत या चीनी जैसे खतरनाक पदार्थ डाल सकते हैं जो दूरदराज के क्षेत्रों में 'जानलेवा' साबित हो सकता है ।

आयोग के आदेश में एक महत्वपूर्ण निष्कर्ष यह भी है कि वाहन के चेसिस यानी भार वहन करने वाले मूलभूत ढांचे में 'बड़े पैमाने पर मरम्मत' की गई थी। लगातार आ रही कर्कश आवाज की समस्या को दूर करने के लिए अधिकृत सर्विस सेंटर ने कार मालिक की सहमति के बिना चेसिस की कटिंग, वेल्डिंग और रिवेटिंग कर दी।

पीठ ने कहा कि कार में इस तरह के संरचनात्मक बदलाव से इसकी बुनियाद ही बदल जाती है और इसकी सुरक्षा और उपयोगिता प्रभावित होती है।

जेएलआर इंडिया ने वाहन के प्रदर्शन में कमी का बचाव करते हुए दावा किया कि विज्ञापन में दी गयी गति 'नियंत्रित परीक्षण स्थितियों' के तहत हासिल की गई थी और ईंधन लॉक की कमी का कारण 'ऑटोमोबाइल चिप्स की वैश्विक कमी' थी । हालांकि, आयोग ने इन तर्कों को खारिज करते हुए कहा कि खरीद के समय खरीददार को इनके बारे में सूचित नहीं किया गया था। पीठ ने जेएलआर के इस दावे को भी खारिज कर दिया कि खरीददार के साथ उसका कोई सीधा अनुबंध नहीं था और कहा कि एक निर्माता अपने डीलरों के साथ समझौतों के जरिए अंतर्निहित दोषों के लिए दायित्व से बच नहीं सकता ।

आयोग ने जेएलआर इंडिया को शिकायत स्वीकार किए जाने की तारीख (27 मार्च, 2024) से सात प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ 1,65,61,234 रुपये की पूरी खरीद कीमत वापस करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा, निर्माता को मुकदमेबाजी के खर्च के रूप में 50,000 रुपये का भुगतान करने का भी आदेश दिया गया है। हालांकि, आयोग ने डीलर–शिवा मोटोकॉर्प को दोषमुक्त करार दिया क्योंकि वाहन में पाए गए दोष निर्माण प्रक्रिया में अंतर्निहित थे। शिकायतकर्ता को 15 दिनों के भीतर वाहन विनिर्माता कंपनी को लौटाने का निर्देश दिया गया है।

# पश्चिम एशिया संकट से महंगाई का जोखिम बढ़ा, मजबूत घरेलू मांग से मिल रहा सहाराः वित्त मंत्रालय रिपोर्ट..




नई दिल्ली, (भाषा)।

पश्चिम एशिया संघर्ष से आपूर्ति पक्ष को बड़ा झटका लगने से महंगाई, व्यापार और वित्तीय प्रवाह पर जोखिम बढ़ गया है। हालांकि मजबूत घरेलू मांग, नीतिगत समर्थन, सुदृढ़ वित्तीय प्रणाली और सार्वजनिक निवेश से भारतीय अर्थव्यवस्था को कुछ हद तक सुरक्षा मिलेगी। वित्त मंत्रालय ने अपनी मासिक रिपोर्ट में यह बात कही है।

अप्रैल महीने की मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि ऊर्जा और उर्वरक आपूर्ति को लेकर लंबी अनिश्चितता देश की वृहद आर्थिक स्थिरता की मजबूती की परीक्षा ले सकती है।

इसके साथ ही रिपोर्ट में 'अल नीनो' के प्रभाव से इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्य से कम रहने की आशंका जताई गई है। ऐसा होने से अधिकांश जिलों में औसत से कम बारिश होने का अनुमान है।

'अल नीनो' एक खास जलवायु स्थिति है, जिसमें प्रशांत महासागर का पानी सामान्य से अधिक गर्म हो जाता है, जिससे भारत में मानसून कमजोर पड़ जाता है।

मंत्रालय की रिपोर्ट कहती है कि इन परिस्थितियों में महंगाई, राजकोषीय घाटा और चालू खाते का घाटा बढ़ने का जोखिम है, जबकि आर्थिक वृद्धि पर दबाव पड़ सकता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत वित्त वर्ष 2026-27 में मजबूती के साथ कदम रख रहा था और वृद्धि दर 7-7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान था लेकिन पश्चिम एशिया युद्ध के कारण वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में बदलाव से यह अनुमान प्रभावित हुआ है।

वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

रिपोर्ट में पश्चिम एशिया संकट के बीच आपूर्ति पक्ष से जुड़े झटके की चेतावनी देते हुए कहा गया है कि बढ़ती कीमतों और आर्थिक गतिविधियों की रफ्तार धीमी होने से मांग में कमी भी चिंता का विषय है। इसके साथ कंपनियों द्वारा बढ़ती लागत को उपभोक्ताओं पर डाले जाने से महंगाई भी बढ़ सकती हैं। इसका असर कच्चे माल से अंतिम उत्पाद बनाने वाले प्रसंस्करण और विपणन उद्योगों पर व्यापक रूप से पड़ेगा। इनके पेट्रोलियम क्षेत्र पर निर्भर होने से पूरी अर्थव्यवस्था में ही लागत का दबाव बढ़ सकता है।

कृषि जैसे अहम क्षेत्रों में लागत दबाव कम करने के लिए सरकार ने उर्वरक उत्पादन के लिए गैस आवंटन बढ़ाने, सीमा शुल्क में छूट और खरीफसत्र के लिए पोषक-तत्व आधारित सब्सिडी में करीब 12 प्रतिशत वृद्धि जैसे कदम उठाए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, पश्चिम एशिया संकट से निवेशकों का भरोसा प्रभावित हुआ है, जिसका असर उभरती अर्थव्यवस्थाओं पर अधिक पड़ा है। रुपये की कमजोरी भी महंगाई को बढ़ा सकती है क्योंकि इससे आयात महंगे हो जाते हैं।

मंत्रालय ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में तेल एवं गैस के आपूर्ति ढांचे को सामान्य होने में कई महीने लग सकते हैं। यदि इसके साथ कमजोर मानसून भी जुड़ता है, तो महंगाई का दबाव और बढ़ सकता है।

हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि बैंकिंग और वित्तीय प्रणाली के प्रमुख संकेतक- पूंजी पर्याप्तता, नकदी और परिसंपत्ति गुणवत्ता मजबूत बने हुए हैं, जिससे वित्तीय स्थिरता पर बड़ा खतरा नहीं है। रिजर्व बैंक भी पर्याप्त नकदी बनाए रखने के लिए सक्रिय रहेगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, हाल में हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) भारतीय निर्यात को बढ़ावा देने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में जुड़ाव को मजबूती देने में मदद करेंगे।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि कई देशों के लिए चुनौती बनी हुई वैश्विक अस्थिरता भारत के लिए अवसर भी बन सकती है। मजबूत घरेलू आधार और रणनीतिक स्वायत्तता के साथ भारत विनिर्माण, सेवाओं और बड़े उपभोक्ता बाजार के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर सकता है।

# हाई-स्पीड ट्रेन बनाने का ठेका सिर्फ बीईएमएल को देना समझ से परेः वंदे भारत डिजाइनर..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***देश की पहली स्वदेशी सेमी–हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस के सूत्रधार सुधांशु मणि ने उच्च गति वाली ट्रेनों के डिजाइन एवं विनिर्माण का काम केवल बीईएमएल को दिए जाने के रेल मंत्रालय के फैसले पर नाखुशी जताई है।***

मणि ने कहा कि इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ), चेन्नई के पास लंबी दूरी वाले ट्रेनो के डिजाइन एवं विनिर्माण का खासा अनुभव है, जबकि बीईएमएल का इस क्षेत्र में सीमित अनुभव रहा है। रेल मंत्रालय की उत्पादन इकाई आईसीएफहर साल औसतन 3,000 से अधिक कोच बनाती है, जिनमें पारंपरिक और आधुनिक दोनों तरह के कोच शामिल हैं।

वहीं, रक्षा मंत्रालय के अधीन संचालित बीईएमएल रक्षा, वैमानिकी, मेट्रो और अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में काम करती है।

सरकार ने 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत 2024 में बीईएमएल को 250 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली बुलेट ट्रेन (बी-28) का एक सेट विकसित करने का ठेका दिया था, जिसे 2027 तक तैयार किया जाना है। इसके अलावा, 16 अन्य ट्रेनों का ठेका भी बीईएमएल को देने की प्रक्रिया जारी होने की खबरें हैं।

उन्होंने कहा कि बीईएमएल की मुख्य लाइन वाले यात्री कोच डिजाइन करने की क्षमता अभी साबित नहीं हुई है। उन्होंने यह भी दावा किया कि वंदे भारत के स्लीपर संस्करण के विकास में अधिकांश डिजाइन इनपुट आईसीएफ ने ही दिए थे।

मणि ने पीटीआई-भाषा से कहा, ÷मौजूदा ऑर्डर के तहत दो ट्रेन सेट की आपूर्ति 2027 से पहले संभव नहीं दिखती और उनके प्रदर्शन का परीक्षण 2028 तक ही पूरा हो पाएगा। ऐसे में एक ही कंपनी पर अत्यधिक भरोसा करना मेरी समझ से परे है।÷ उन्होंने सुझाव दिया कि हाई-स्पीड ट्रेन के निर्माण में प्रतिस्पर्धी और मजबूत पारिस्थितिकी तैयार करने के लिए आईसीएफऔर निजी क्षेत्र की अन्य कंपनियों को भी शामिल किया जाना चाहिए।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में बेंगलुरु स्थित बीईएमएल परिसर में हाई-स्पीड रेल निर्माण के लिए खास तौर पर विकसित 'आदित्य' परिसर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि बी-28 ट्रेन का डिजाइन आईसीएफ और बीईएमएल मिलकर तैयार कर रहे हैं, जबकि इसका विनिर्माण बीईएमएल के अत्याधुनिक संयंत्र में होगा।

# उच्च एथनॉल मिश्रण वाले ईंधन को बढ़ावा, ई 85 और ई 100 के लिए नियमों में ढील का प्रस्ताव..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने उच्च एथनॉल मिश्रण और वैकल्पिक ईंधनों के उपयोग का दायरा बढ़ाने के लिए वाहन उत्सर्जन नियमों में संशोधन का प्रस्ताव किया है।***

इस कदम से सभी वाहन श्रेणियों में फ्लेक्स-फ्यूल और शुद्ध बायोफ्यूल वाहनों के इस्तेमाल की राह आसान होगी। केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 में प्रस्तावित संशोधनों के तहत ई85 (पेट्रोल में 85 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण), ई100 (लगभग पूरी तरह एथनॉल वाला ईंधन), बी100 बायोडीजल और हाइड्रोजन-सीएनजी जैसे ईंधनों के उपयोग को अनुमति देने का प्रावधान किया गया है।

भारत पहले ही पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल के मिश्रण (ई20) का लक्ष्य हासिल कर चुका है। इसे गन्ना, मक्का या चावल जैसे जैविक स्रोतों से तैयार किया जाता है। इससे आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता घटाने और कार्बन उत्सर्जन कम करने में मदद मिलती है। मंत्रालय की तरफ से 27 अप्रैल को जारी राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के मुताबिक, इन प्रस्तावों पर 30 दिनों तक सार्वजनिक परामर्श किया जाएगा, जिसमें हितधारक अपनी आपत्तियां और सुझाव दे सकेंगे। प्रस्तावित संशोधनों में हल्के वाणिज्यिक वाहनों के लिए वजन सीमा 3,000 किलोग्राम से बढ़ाकर 3,500 किलोग्राम करने का प्रावधान भी किया गया है। इससे वैश्विक मानकों के अनुरूप अधिक वैन, पिकअप और छोटे ट्रक एकसमान उत्सर्जन परीक्षण के दायरे में आ जाएंगे।

संशोधन के तहत ई20, ई85, ई100 और बी100 जैसे उच्च जैव-ईंधन मिश्रणों को औपचारिक मान्यता दी गई है। अब तक नियम मुख्य रूप से ई10 और ई20 तक ही सीमित थे। अधिसूचना में वाहन ईंधन की परिभाषाओं और मानकों को भी अद्यतन किया गया है, जिसमें 'हाइड्रोजन प्लस सीएन' को 'हाइड्रोजन प्लस सीएनजी' से बदलना और उत्सर्जन तीव्रता के माप को 'मिलीग्राम/किलोवाटघंटा' के रूप में दुरूस्त करना शामिल है।

इसके अलावा, वास्तविक परिस्थितियों में इंजन से निकलने वाले प्रदूषकों की अधिकतम अनुमेय सीमा को भी 60 से संशोधित कर 600 कर दिया गया है।

# सोयाबीन तिलहन, पाम-पामोलीन तेल में सुधार



नई दिल्ली, (भाषा)।

सोयाबीन के तेल-रहित खल (डी-आयल्ड केक या डीओसी) की स्थानीय मांग के कारण बुधवार को सोयाबीन तिलहन तथा मलेशिया एक्सचेंज के मजबूत होने से कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल कीमतें मजबूत रहीं। सामान्य और हल्के कामकाज के बीच सरसों एवं मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल तथा बिनौल तेल स्थिर बने रहे।

मलेशिया और शिकागो एक्सचेंज में सुधार चल रहा है। बाजार सूत्रों के अनुसार, स्थानीय स्तर पर विशेषकर महाराष्ट्र में सोयाबीन डीओसी की अच्छी मांग है। जिसकी वजह से सोयाबीन तिलहन के दाम मजबूत रहे। दूसरी ओर, रुपया पहले से कमजोर हुआ है और विदेशी बाजार मजबूत हैं, ऐसे में सोयाबीन तेल का दाम मजबूत होना चाहिये था, लेकिन बैंकों का ऋण वापस लौटाने और ऋण-साखपत्र की मान्यता बरकरार रखने के मकसद से, धन की कमी का सामना करने वाले आयातक अपने सौदे, लागत से कम दाम पर बिकवाली कर रहे हैं।

इसके बाद इन आयातकों से खरीद करने वाले छोटे व्यापारियों द्वारा भी लागत से लगभग पांच रुपये प्रति किलो के हिसाब से नीचे दाम पर 15 किग्रा वाले टिनों की बिकवाली की जा रही हैं। इस विरोधाभासी परिस्थिति के बीच सोयाबीन तेल के दाम स्थिर बने रहे।

मलेशिया एक्सचेंज के मजबूत रहने की वजह से पाम-पामोलीन तेल के दाम में भी सुधार है। गर्मियों में औद्योगिक मांग बढ़ने के कारण भी पाम-पामोलीन को मजबूती मिली।

सामान्य मगर हल्के कामकाज के बीच सरसों एवं मूंगफली तेल-तिलहन तथा बिनौला तेल के दाम भी स्थिर रहे।

## तेल–तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे :

सरसों तिलहन - 6,865-6,890 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 6,600-7,075 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,650 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,485-2,785 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 14,100 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,360-2,460 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,360-2,505 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,850 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,700 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,400 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,400 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 14,700 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,250 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,050 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 6,300-6,350 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 5,950-6,025 रुपये प्रति क्विंटल।



जग प्रेरणा

देश विदेश

● म.प्र. ● महाराष्ट्र ● छ.ग. ● उड़ीसा ● राजस्थान ● गुजरात ● दिल्ली ● हरियाणा ● पंजाब ● जम्मु कश्मीर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# ईंधन की कमी के चलते पाकिस्तानी कर रहे अजीब हरकतें, लोग गुब्बारों में जमा कर रहे खाना पकाने वाली गैस..

डेस्क जगप्रेरणा।

***पाकिस्तान में महंगाई की वजह से पहले ही परेशान लोगों के सामने ईंधन संकट बड़ी मुसीबत बन गया है। हालात ऐसे बन गए हैं कि लोग अजीब हरकतें करते हुए नजर आ रहे हैं।***



**ARY News** की एक रिपोर्ट के अनुसार, कराची के कुछ हिस्सों में रहने वाले लोगों ने गैस को प्लास्टिक के गुब्बारों में जमा करना शुरू कर दिया है। लोग ऐसा इस वजह से कर रहे हैं क्योंकि यहां गैस की भारी किल्लत देखने को मिल रही है।क्या बोले कराची के लोग?

कराची के ओरंगी टाउन इलाके के लोगों का कहना है कि गैस की अनियमित सप्लाई के कारण उनके पास कोई और चारा नहीं बचा है। ऋड्ढ हद्र2ह्य के अनुसार, खासतौर पर डिजाइन किए गए इन प्लास्टिक के गुब्बारों में गैस को भरा जाता है और फिर बाद में खाना पकाने के लिए इसका इस्तेमाल किया जाता है। निवासियों ने बताया कि ये गुब्बारे स्थानीय बाजारों में लगभग 1,000 से 1,500 रुपये में मिलते हैं। एक बार भर जाने के बाद गुब्बारों को गैस लाइन से अलग कर दिया जाता है और पूरे दिन खाना पकाने की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक अस्थायी स्टोरेज सिस्टम के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है।

## लोगों को हो रही है मुश्किल..

रिपोर्ट के अनुसार, कई परिवारों को गैस की अनियमित सप्लाई के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि रोजमर्रा के बुनियादी काम करने में भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इसी वजह से उन्हें ऐसे अजीब और खतरनाक तरीके अपनाने पर मजबूर होना पड़ा है। स्थानीय लोगों ने इस तरीके को मजबूरी बताते हुए गैस की भारी कमी को वजह बताया है।

## कभी भी हो सकता है धमाका..

**ARY News** की रिपोर्ट के अनुसार विशेषज्ञों ने इस तरीके को लेकर सुरक्षा संबंधी गंभीर चिंताएं जताई हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि प्लास्टिक के गुब्बारों में गैस जमा करना बेहद खतरनाक हो सकता है। सुरक्षा विश्लेषकों ने इन गुब्बारों को चलता-फिरता बम जैसा बताया है। उन्होंने आगाह किया है कि जरा सी रगड़, गर्मी या चिंगारी से भी धमाका हो सकता है,

जिसके घनी आबादी वाले रिहायशी इलाकों में भयानक नतीजे हो सकते हैं। घरों के अंदर ऐसे गैस से भरे गुब्बारों की मौजूदगी से आग लगने की घटनाओं का डर बढ़ गया है। विशेषज्ञों ने अधिकारियों से इस मामले में तुरंत दखल देने की अपील की है।

## ईरान जंग की वजह से बिगड़े हालात..

**ARY News** के अनुसार, विश्लेषकों ने गैस सप्लाई करने वाली कंपनियों और स्थानीय प्रशासन से अपील की है कि वो गैस सप्लाई की बिगड़ती स्थिति को ठीक करें और इस जानलेवा चलन को फैलने से रोकें। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब बड़े पैमाने पर चल रहे भू-राजनीतिक तनावों के कारण ऊर्जा सप्लाई चेन प्रभावित हुई है। अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष के कारण ऊर्जा संकट बढ़ा है।

# महाराष्ट्र में भीषण गर्मी का कहर! हीटस्ट्रोक के 39 मामले दर्ज, लातूर में 3 लोगों की मौत..

डेस्क जगप्रेरणा।

***महाराष्ट्र में भीषण गर्मी का असर अब लोगों की सेहत पर साफ दिखने लगा है। 1 मार्च से 20 अप्रैल 2026 के बीच जारी हेल्थ विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र में हीटस्ट्रोक यानी लू के कुल 39 मामले सामने आए हैं,***

जबकि एक संदिग्ध मौत भी दर्ज की गई है। यहां बढ़ते **Temperature** और चिलचिलाती धूप की वजह से लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। इलाज के लिए पहुंचे 3 लाख से ज्यादा मरीज रिपोर्ट के मुताबिक, इस दौरान महाराष्ट्र भर के अस्पतालों में कुल 3 लाख 34 हजार 468 मरीज इलाज के लिए पहुंचे।

हालिया के दिनों में ही हीटस्ट्रोक के 8 नए मामले सामने आए हैं। इसके अलावा, 108 मौतें कार्डियोवैस्कुलर यानी दिल से जुड़ी कारणों से दर्ज की गई हैं, जिससे कुल मौतों का आंकड़ा 109 तक पहुंच गया है।

## भयानक गर्मी रखें इन बातों का खास ख्याल..

स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को दोपहर के समय बाहर निकलने से बचने, ज्यादा पानी पीने और सावधानी बरतने की सलाह दी है। आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है, जिससे हीटस्ट्रोक के मामलों में इजाफा हो सकता है।



## लातूर जिले में हीटस्ट्रोक से एक और मौत..

लातूर जिले में तेज गर्मी के कारण खेत से घर लौटने के बाद एक शख्स चक्कर खाकर गिर पड़ा। एरंडी गांव के 25 साल के युवक की मौत हो गई। चार दिन पहले गोंद्री गांव में 9 महीने के बच्चे की मौत हुई थी। इसी सप्ताह निलंगा तालुका के औराद शहाजी में एक किसान की भी मौत हुई थी। जिले में अब तक हीटस्ट्रोक से 3 लोगों की जान जा चुकी है।

## तेज धूप से लौटे किसान की गई जान..

औसा तालुका के एरंडी गांव निवासी 25 साल के महेश लिंबाजी इंगोले खेत से तेज धूप में घर लौटे थे। घर के आंगन में टंकी से पानी लेकर हाथ धोते समय उन्हें चक्कर आया और वे जमीन पर गिर पड़े। इलाज के लिए औसा ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। गौरतलब है कि मौसम विभाग ने आगामी दिनों में तापमान और बढ़ने की आशंका जताई है। ऐसे में हीटस्ट्रोक के केस में और बढ़ोतरी हो सकती है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग लगातार हालात पर नजर रख रहे हैं और लोगों से अनुरोध कर रहे हैं कि वे सावधानी रहें, ताकि इस भयानक गर्मी के असर से खुद को सुरक्षित रख पाएं।

# फर्जी वीजा और विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया; तीन गिरफ्तार..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***दिल्ली पुलिस ने अंतरराज्यीय फर्जी वीजा और विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है जिसने रूस, तुर्किये और अजरबैजान जैसे देशों में मोटी तनख्वाह पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर सैकड़ों लोगों को ठगा है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है।***

आरोपियों की पहचान बिहार के सिवान निवासी सलाउद्दीन मंसूरी उर्फ हैदर खान (38), उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद निवासी मोहम्मद शहजाद (34) और कुशीनगर निवासी कौसर (32) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि यह गिरोह रूस, तुर्किये और अजरबैजान जैसे देशों में अच्छी तनख्वाह पर नौकरियां दिलाने के बहाने पीड़ितों को जाल में फंसाता था और जाली वीजा दस्तावेज जारी करके उन्हें धोखा देता था। पुलिस ने बताया कि फर्जी वीजा गिरोह को लेकर खुफिया जानकारी मिली थी जिसके बाद इस गिरोह का भंडाफोड़ किया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, 'पीतमपुरा के नेताजी सुभाष प्लेस के पास एक समन्वित छापेमारी की गई, जिसमें तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।'

जांच के दौरान पता चला कि आरोपी 'सबा एंटरप्राइजेज' नामक एक फर्जी कंपनी के माध्यम से काम करता था और भर्ती एजेंट होने का दिखावा करता था। पुलिस ने बताया कि मंसूरी फर्जी मानव संसाधन (एचआर) प्रबंधक बनकर पीड़ितों का विश्वास जीतता था। आरोपियों ने विदेश में नौकरी का विज्ञापन करने के लिए सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल किया। पीड़ितों से उनके पासपोर्ट भेजने के लिए कहा गया, जिन्हें स्कैन करके नकली मुहरों वाले जाली वीजा बनाए गए। अधिकारी ने कहा, 'उन्होंने फर्जी सत्यापन लिंक और अस्थायी या रद्द किए गए हवाई टिकट भी साझा किए ताकि दस्तावेज़ असली लगें।

पीड़ितों को धोखाधड़ी का पता तब चला जब उन्होंने अपने मूल पासपोर्ट पर वीजा की मुहर नहीं दिखी और उनके टिकट अमान्य मिले।' पुलिस ने बताया कि आरोपी पुलिस की पकड़ से बचने के लिए कोलकाता, नोएडा, गोरखपुर और पटना जैसे शहरों में अक्सर अपना ठिकाना बदलते रहते थे। पीड़ितों के पांच मूल पासपोर्ट व सात मोबाइल फोन बरामद किए है जिनमें फर्जी वीजा डेटा, नौकरी के पत्र और ई-टिकट थे। इसी के साथ नकदी और एक फर्जी आधार कार्ड समेत कई पहचान पत्र और डेबिट कार्ड भी बरामद किए गए। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

आरोपियों को रोहिणी की अदालत में पेश किया गया जिसने उन्हें पूछताछ के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने बताया कि अन्य पीड़ितों की पहचान करने, वित्तीय लेन-देन का पता लगाने और फरार सरगना को पकड़ने के लिए आगे की जांच जारी है।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता

रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

# गुजरात के साबरकांठा में मौत बनकर दौड़ी लग्जरी बस, नेशनल हाईवे पर चीखें गूंजीं; 6 लोगों की मौत, 6 घायल..

डेस्क जगप्रेरणा।

***गुजरात के साबरकांठा जिले में बुधवार को एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ। हिम्मतनगर के पास जसवंतगढ़ पाटिया के पास मौत की चीखें गूंज उठीं।***



नेशनल हाईवे एक प्राइवेट बस और कार की जोरदार टक्कर में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 6 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

## कैसे हुआ हादसा?

मिली जानकारी के मुताबिक, हादसा शामलाजी से हिम्मतनगर की ओर जाने वाले नेशनल हाईवे पर हुआ। तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने आगे चल रही कार को पीछे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और 6 यात्रियों की जान चली गई। मरने वालों में महिलाएं और पुरुष दोनों शामिल हैं।

हादसे के बाद स्थानीय लोग और पैदल चलने वाले लोग मदद के लिए दौड़े। एक्सीडेंट में घायल 6 लोगों को तुरंत 108 एम्बुलेंस से हिम्मतनगर सिविल हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

## शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए ले जाया गया..

घटना की खबर मिलते ही गंभोई पुलिस का काफिला मौके पर पहुंचा। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए ले जाकर एक्सीडेंट का केस दर्ज कर लिया है और आगे की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में ओवरस्पीडिंग और लापरवाही को मुख्य कारण माना जा रहा है। एक्सीडेंट की वजह से हाईवे पर कुछ देर के लिए ट्रैफिक रुका रहा। पुलिस ने एक्सीडेंट वाली गाड़ियों को हटाने और सड़क साफ करने के लिए क्रेन का इस्तेमाल किया। इस घटना के बाद पूरे जिले में अफरा-तफरी मच गई है।

# नूंह में महिला की बेरहमी से हत्या, पत्थर से बांधकर कुएं में फेंका शव; ऐसे उलझी मर्डर की मिस्ट्री..

डेस्क जगप्रेरणा।

***हरियाणा के नूंह जिले में शादीशुदा महिला का बेरहमी से मर्डर हुआ है। यहां के बझेड़ा गांव के जंगलों में स्थित एक पुराने कुएं से 26 साल की हसीना का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई।***



कुएं में शव को पत्थर से बांधकर फेंका गया था। इस महिला को किसने मारा, ये अभी तक पता नहीं चल पाया है। महिला के परिजनों ने मामले में इंसाफ दिलाने की गुहार लगाई है।

## ससुराल में 5 साल से प्रताड़ना झेल रही थी मृतका..

इस मामले की खबर मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद शव को कुएं से बाहर निकलवाया। उधर, मृतका के परिजनों ने रफीक नामक व्यक्ति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि करीब पांच साल पहले हसीना की जबरदस्ती कराई गई थी और उसके बाद से वह प्रताड़ना झेल रही थी।

## मृतका के पति ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी की रिपोर्ट..

मामले में शक तब और गहरा गया जब पता चला कि 18 अप्रैल को हसीना के पति ने ही उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद, 24 अप्रैल को केस दर्ज हुआ और करीब 10 दिन बाद शव उसी इलाके के कुएं से बरामद हुआ।

## कुएं से शव के साथ 2 बाइक की चेचिस भी मिलीं..

शव निकालने के दौरान कुएं से दो मोटरसाइकिलों के चेसिस भी बरामद हुई हैं, जिससे मामले में और जांच की जरूरत महसूस की जा रही है।


## सभी पहलुओं की जांच में जुटी पुलिस..

इस मामले पर सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रवीण ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है, वहीं परिजन इंसाफ की मांग कर रहे हैं।

# नदी में नहाने गई 7 साल की बच्ची को मगरमच्छ ने पकड़ा, आधा शरीर खाया..

डेस्क जगप्रेरणा।

***मध्य प्रदेश के मुरैना से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक 7 साल की बच्ची को मगरमच्छ पानी में खींच ले गया और उसका आधा शरीर खा लिया। बड़ी मुश्किल से बच्ची का शव बरामद हुआ है,***



जोकि आधा ही है। एसडीईआरएफ के दल ने मगर के मुंह से बच्ची का शव निकाला।

## क्या है पूरा मामला?

चंबल नदी के तट पर प्रतिदिन की तरह नहाने गई 7 वर्षीय बालिका राबी को मगर ने अपने जबड़े में दबोच लिया। बालिका को लेकर लगभग 7 घंटे तक मगर चंबल नदी में घूमता रहा। परिजनों की सूचना पर पुलिस के द्वारा बुलाए गए एसडीईआरएफदल ने 6-7 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बच्ची के शव को मगर के जबड़े से मुक्त कराया लेकिन तब तक मगर ने बालिका के कमर के नीचे के हिस्सा को अपना निवाला बना लिया था।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं बालिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए कैलारस चिकित्सालय भेजा गया है। यह घटना आज जिले के चिन्नोनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंगरौली के वैदपुरा गांव की तलहटी में चंबल नदी के किनारे घटित हुई।

यह गांव केवट समुदाय का होने के कारण गांव के निवासी प्रतिदिन चंबल नदी के पानी का उपयोग जीवन यापन के लिए करते हैं। सुबह 9 बजे ग्रामीण विजय सिंह केवट की 7 वर्षीय पुत्री राबी चंबल नदी में नहाने के लिए गई थी। इस दौरान नदी से निकले एक मगर ने उसे अपना शिकार बना लिया। नदी तट पर उपस्थित ग्रामीणों के चीखने चिल्लाने पर बालिका राबी को जबड़े में दबाकर मगर पानी में नीचे चला गया। ग्रामीणों की सूचना पर चिन्नोनी थाना पुलिस द्वारा एसडीईआरएफ दल को बुलाया गया।

चिन्नोनी थाना प्रभारी ऋषिकेश शर्मा ने बताया कि पुलिस के साथ दल के सभी सदस्यों ने लगभग 6-7 घंटे तक चंबल नदी के तट पर कड़ी मशक्कत की, तब कहीं बालिका राबी के शव को मगर से मुक्त करा पाए। हालांकि मगर ने 7 घंटे के दौरान बालिका की कमर के नीचे के हिस्सा को अपना निवाला बना लिया था।

# पालघर में व्यक्ति ने मां-बेटी की हत्या कर खुद की जान लेने की कोशिश की

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***महाराष्ट्र के पालघर जिले में बुधवार को 27 साल के एक व्यक्ति ने एक महिला और उसकी बेटी की कथित तौर पर चाकू से हमला कर हत्या कर दी और फिर खुद की जान लेने की कोशिश की। पुलिस ने यह जानकारी दी। घटना विरार (पश्चिम) में बोलिंज थाना क्षेत्र के एक फ्लैट में सुबह के समय घटी।***

पुलिस ने मृतक महिलाओं की पहचान सईदा मिश्रा (50) और उनकी बेटी नैन्सी (25) के रूप में की है। नालासोपारा निवासी आरोपी शिवम उपाध्याय को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। बोलिंज थाने के एक अधिकारी ने बताया कि उपाध्याय नैन्सी से शादी करना चाहता था लेकिन उसकी मां ने इस रिश्ते का विरोध किया। अधिकारी ने बताया कि आरोपी बुधवार सुबह उनके फ्लैट पर पहुंचा और दोनों से झगड़ने लगा।

उन्होंने कहा, 'आरोपी ने अंदर से घर बंद कर दिया और मां-बेटी पर चाकू से कई बार हमला किया। दोनों की मौके पर मौत हो गई। इसके बाद उसने खुद पर भी चाकू से हमला किया और खुद को गंभीर चोट पहुंचाई।' पुलिस अधिकारी ने बताया कि पड़ोसियों ने शोर-शराबा सुनकर बोलिंज थाने को सूचना दी। आरोपी ने पुलिस के पहुंचने पर दरवाजा नहीं खोला और घर के अंदर घुसने के लिए पुलिस को दमकल विभाग की मदद लेनी पड़ी। बोलिंज पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (1) के तहत हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

लेटेस्ट सामग्रीयों की अधिकतम रेंज के साथ..

प्रो. पियुष सिंह बैस

फैशन फैक्ट्री

For Boys & Girls

वॉच, बेल्ट, कैप, फैशनेबल मफलर, मंकी कैप, गॉगल्स (सन ग्लास), इरींग, चैन, की चैन, वॉलेट, परफ्यूम, फैंसी लायटर..

मेन रोड, महावीर चौक, ब्यूटी कॉर्नर के सामने, बालाघाट (म.प्र.) मो.8827333882

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें..

मो. 9329033433







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
गणेश भदाड़े आमगांव
मो. 7745823591

# विधायक विनोद अग्रवाल के नेतृत्व में पंचायत उप चुनावों में भाजपा की शानदार जीत..



## बिरसी (का.) में सरपंच, निलागोंदी, बरबसपुरा में सदस्य विजयी, बिरसी(दा.) व लंबाटोला भी निर्विरोध विजयी..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***गोंदिया विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण भाग में विधायक विनोद अग्रवाल के कुशल नेतृत्व और भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक मजबूती के दम पर बिरसी (का.) ग्राम पंचायत में सरपंच पद पर भाजपा समर्थित उम्मीदवार***

लोकेश प्रेमलाल उईके ने भारी मतों से जीत हासिल की जबकि निलागोंदी व बरबसपुरा ग्राम पंचायतों मे सदस्य पदों पर भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने शानदार जीत दर्ज की। खास बात यह है कि बिरसी (दास.) और लंबाटोला में तो विपक्ष के उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल ही नहीं किया, जिससे भाजपा का कब्जा निर्विरोध हो गया। बिरसी दासगांव में भाजपा की उर्मिलाबाई लखनलाल पटले, बरबसपुरा में छायाबाई धनलाल बिसेन वार्ड नं. 1, श्रीमती कमलेश भोलानाथ तिवारी, श्रीमती ज्योतिबाई सुनील देशमुख लंबाटोला की जीत पर विधायक विनोद अग्रवाल ने कहा कि यह जीत हमारे कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। हम ग्राम पंचायतों को मजबूत बनाकर गांवों को समृद्धि के पथ पर ले जाएंगे अग्रवाल ने विजय के बाद अपनी प्रतिक्रिया में सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा, हम मिलकर गोंदिया विधानसभा को विकास का नया मॉडल बनाएंगे।

सभी विजयी उम्मीदवारो ने बताया कि वे अब ग्रामीणों की समस्याओं जैसे बिजली कटौती, स्वच्छता और रोजगार योजनाओं पर फोकस करेंगे। यह जनता का आशीर्वाद है। हम विधायक साहब के मार्गदर्शन में गांव को मॉडल ग्राम बनाएंगे। निर्वाचित प्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विधायक विनोद अग्रवाल के नेतृत्व में पार्टी ने पिछले वर्षों में सैकड़ों विकास कार्य कराए हैं, जिनमें पंचायत स्तर पर सोलर पंप, ग्राम सड़कें और आंगनवाड़ी केंद्र शामिल हैं। विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं ने भी इन परिणामों को स्वीकार किया है। ये उपचुनाव न केवल विधायक विनोद अग्रवाल के नेतृत्व में भाजपा की जीत हैं। गौरतलब है कि इस तरह से फिर एक बार मिली पंचायत चुनावों की सफलता भाजपा की ग्रामीण रणनीति की सफलता को तथा विधायक विनोद अग्रवाल का सशक्त प्रतिनिधित्व साबित करते हैं।

# अग्रवाल साइंस कॉलेज में जॉब फेयर कार्यक्रम संपन्न





**जगप्रेरणा सालेकसा।**

***किरण एकेडमी पुणे, जो एक IT कंपनी है, ने इंटीग्रेटेड एम्प्लॉयमेंट और अप्रेंटिसशिप की पहल के तहत 24 अप्रैल 2026 को***

शंकरलाल अग्रवाल साइंस कॉलेज सालेकसा में एक ऑनलाइन जॉब फेयर लगाया। इस जॉब फेयर में कॉलेज के तीन स्टूडेंट्स, रोहित पटले, सारंग ठवरे और अंजलि पटले का सिलेक्शन हुआ है। प्रिंसिपल डॉ. एस एन मूर्ति के गाइडेंस में, कॉलेज की एम्प्लॉयमेंट कमेटी के सेक्रेटरी डॉ. ए एस भदौरिया ने इस पहल के लिए बहुत मेहनत की। इस फेयर के तहत चुने गये विद्यार्थीयो का संस्था के अध्यक्ष विशाल अग्रवाल, सचिव प्रफुल अग्रवाल, प्राचार्य एस एन मूर्ती, सभी प्राध्यापक एव शिक्षकत्तर कर्मचारी ने अभिनंदन किया है।

# मंदिर में चोरी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर मुद्देमाल बरामद..



## गोंदिया शहर पुलिस की सराहनीय कार्रवाई..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***गोंदिया शहर पुलिस ने मंदिर में चोरी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे चोरी का सामान बरामद करने में सफलता हासिल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी उमेश गोमाजी पारधी (उम्र 35 वर्ष, निवासी चुटिया, गोंदिया) ने शिकायत***

दर्ज कराई थी कि 22 अप्रैल 2026 को श्रीराम मंदिर में चोरी की घटना हुई। इस मामले में गोंदिया शहर पुलिस स्टेशन में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

मामले की जांच पुलिस हेड कॉन्स्टेबल दीपक राहांगडाले द्वारा की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस निरीक्षक किशोर पर्वते के मार्गदर्शन में डीबी पथक के पुलिस उपनिरीक्षक अनिल डोंगरवार एवं टीम को गुप्त सूचना मिली कि साहिल उर्फरसूल रशीद शेख (उम्र 24 वर्ष, निवासी संजयनगर, गोंदिया) तथा उसके साथियों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपने साथी मुशीर उर्फशाहरूख मुनीर शेख तथा एक नाबालिग के साथ मिलकर 21 अप्रैल 2026 को श्रीराम मंदिर में चोरी करना स्वीकार किया।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4 किलो वजनी पीतल की घंटी (कीमत लगभग 6,000 रुपये), दानपेटी से 4,000 रुपये नकद, 2 सोने की मणियां (कीमत लगभग 4,000 रुपये) तथा घटना में उपयोग की गई मोटरसाइकिल सहित कुल लगभग 10,400 रुपये का माल बरामद किया है। इस सफल कार्रवाई के लिए डीबी पथक की टीम की सराहना की जा रही है।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक गोंदिया, अपर पुलिस अधीक्षक, तथा उपविभागीय पुलिस अधिकारी के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक किशोर पर्वते, उपनिरीक्षक अनिल डोंगरवार सहित पुलिस टीम द्वारा की गई।

# जी चॅम्प अबॅकस के विद्यार्थीयो का किया गया सत्कार..





## विद्यार्थीयो की सेवा से ही होगी सच्ची समाजसेवा– योगिता असाटी..

**जगप्रेरणा सालेकसा।**

***पिछले एक साल से अबकस क्लासेस मे अच्छी तरह से पढाई कर आपणा जो माता पिता का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थीयो का सत्कार सालेकसा मे आयोजित कार्यक्रम मे किया गया। इस अवसर पे***

कार्यक्रम के अध्यक्ष सालेकसा पुलिस स्टेशन के पोलीस निरीक्षक भूषण बुराडे, अमृता सुतार नायब तहसीलदार, अर्जुन सिंग बैस अध्यक्ष युवासेना जिला गोंदिया, एस आर पी एफ के पुलिस निरीक्षक माने, प्राध्यापक राकेश रोकडे, संचालिका योगिता असाटी एवं मडावी मॅम मंच पर उपस्थिती थे।

ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थीयो को शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने के लिए सालेकसा जैसे अति पिछडे तालुका मे जी चॅम्प अबॅकस क्लास की सुरुवात संचालिका योगिता असाटी द्वारा चलाई गई यह एक अनोखी कोशिश है जिसमे 4 साल से 14 साल के बच्चो के लिए सुरुआत की गई। जी चॅम्प अबॅकस के माध्यम से बच्चो मे आकलन शक्ति, कल्पनाशक्ति, स्मरणशक्ति, एकाग्रता श्रवणशक्ति, स्वावलंबन इन सबके लिए अबॅकस काफी विद्यार्थीयो को मदत करता है। बच्चो की बौद्धिक क्षमता का विकास होता है, मानसिक थकान कम होती है, इसमे बच्चे अपनी बौद्धिक क्षमता का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करते है. सालेकसा शहर मे योगिता असाटी द्वारा विद्यार्थीयो को अबॅकस हे माध्यम से शिक्षा के पाठ पडा रही है। योगिता असाटी युवा सेना की जिला महिला अध्यक्ष होने के साथ साथ नगरपंचायत सालेकसा की नगरसेविका के पद पर विराजमान है फिर भी विद्यार्थी के माध्यम से समाजसेवा मे भी कार्य कर रही है, साथ ही समाज मे सकारात्मक परिवर्तन के लिए तत्पर है।

## अबॅकस का भविष्य मे उपयोग..

अबॅकस का उपयोग विद्यार्थी भविष्य मे स्पर्धा परीक्षा जैसे शिष्यवृत्ती, नवोदय विद्यालय, नीट, एमपीएससी, यूपीएससी, जेई, तलाठी जैसे अनेक परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। अबकस स्टेट, नॅशनल, इंटरनॅशनल कॉम्पिटिशन मे भी विद्यार्थी अपना एवं पालको का नाम रोशन कर रहे है।

# गोंदिया विधानसभा में कांग्रेस ने जीता खातीया, दतोरा एवं ढाकणी का ग्राम पंचायत उपचुनाव..





**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***ग्राम पंचायत उपचुनाव के 28 अप्रैल को संपन्न मतदान के बाद आज 29 अप्रैल को घोषित नतीजों में, गोंदिया तालुका के ग्राम खातीया, ढाकणी***

एवं दतोरा में पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस समर्थित राजकुमार तावाडे, श्रीमती पुर्णिमा रामदास गणवीर एवं ग्राम ढाकणी से अनिल नागपूरे विजयी हुए है। सभी विजयी उम्मीदवारों ने पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के कार्यालय में भेंट दी, जिसके उपरांत उन्होंने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को जीत की बधाई दी और भविष्य में ग्रामीण नागरिकों की अपेक्षाओं को पूरा करते हुए कांग्रेस पार्टी की मजबूती का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के कार्यालय में पूर्व जि.प. सभापती अर्जुन नागपूरे ने सभी विजयी उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया। उल्लेखनीय है कि गोंदिया तालुका में कुल 18 ग्राम पंचायत सीटों पर उपचुनाव था, जिसमें से ग्राम किन्ही, निलागोंदी वार्ड क्र. 3, ग्राम बटाना, ग्राम देवुटोला, ग्राम रतनारा, ग्राम माकडी में भी कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार निविरोध निर्वाचित हो चुके है, यह विशेष उल्लेखनीय है।

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### खजरी पट के बाजु से मोटरसायकल चोरी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के डुग्गीपार पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 19/4/2026 के सुबह 11 बजे से 5 बजे के दरम्यान डोंगरगाव मे फर्यादी प्रभाकर युवराज तोंडफोडे उम्र 40 वर्ष निवासी पांढरवानी ने अपनी मोटरसायकल क्रमांक एम एच 35 एटी 1475 किमत 80 हजार रुपये डोंगरगाव के खजरी पट के बाजु मे रखी था। घटना समय के दरम्यान अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ पोस्टे डुग्गीपार मे अपराध क्रमांक 219/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा राकेश राऊत पोस्टे डुग्गीपार कर रहे है।

### खाना बनाने की बात पर भाई ने भाई पर चलाई लाठी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 26/4/2026 के शाम 6 बजे के दरम्यान दागोटोला मे फर्यादी कपील तेजराम ब्राम्हणकर उम्र 40 वर्ष और आरोपी भाई होकर घटना के समय फर्यादी अपने घर मे खाना बना रहे थे। जहा आरोपी ने आकर गालीगलौच की और कहा तु क्यो खाना बना रहा है, बोलकर लकडी से सर पर मारकर जख्मी किया और आगे देख लेने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अपराध क्रमांक 233/2026 धारा 118,1,352, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा धुवारे 423 पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

### जमीन बेचकर पैसे लेकर पुन: की पैसे की मांग मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत धोखाधडी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 6/1/2026 से दिनांक 24/2/2026 के दरम्यान आमगाव मे फर्यादी रानी राजेश काळसर्पे उम्र 43 वर्ष निवासी कुंभारटोली ने पैसे देकर जमीन खरीदी और रजीस्ट्री करा ली, कुछ दिन बाद आरोपी ने आकर कहा तु हमको 5 लाख रुपये और दे तुने हमको पैसे नही दिये है नही तो हम रजिस्ट्री कँसल करा देंगे तेरा फेरफार नही होगा और यदी पैसे नही दिये तो तुझे जान से मार देंगे। धमकी देने से 6 आरोपियो के खिलाफ पोस्टे आमगांव मे अपराध क्रमांक 306/2026 धारा 189, 2, 351,2,351,3, बी एन एस 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोना भजने 1702 पोस्टे आमगांव कर रहे है।

### गोंदिया के प्रगती कॉलोनी मे दिनदहाड़े हुई चोरी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के शहर पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 27/4/2026 के दोपहर 1 बजे से 4 बजे के दरम्यान प्रगती कॉलोनी राजाभोज चौक मे फर्यादी सौ गिता जिवनलाल रहीले उम्र 47 वर्ष निवासी प्रगती कॉलोनी अपने मकान को ताला लगाकर अपनी गाडी से बेटे को नागपुर जाने के लिये स्टेशन छोड़कर अपने नये निर्माणाधीन मकान का काम देखने गई। 4 बजे करीब बेटे का फोन आया मै नागपुर नही गया और घर आया तो सामने का ताला टूटा है, जानकारी मिलते ही फर्यादी ने घर आकर देखा की अज्ञात चोर ने आलमारी मे रखा मंगलसुत्र 15 ग्राम किमत 45 हजार रुपये, 2 सोने की अंगुठी किमत 18 हजार रुपये, चांदी की पैरपट्टी किमत 20 हज़ार रुपये, चांदी के कडे किमत 10 हजार रुपये, नगदी 17 हजार रुपये, कुल 1 लाख 10 हजार रुपये का माल चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोंदिया शहर मे अपराध क्रमांक 350/2026 धारा 305,331,3, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोऊपनी अनिल डोंगरवार पोस्टे गोंदिया शहर कर रहे है।

# गोंदिया लगातार दूसरे वर्ष भी राज्य में नंबर-1, राष्ट्रीय क्षयरोग नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन में 2024 और 2025 में अव्वल..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान के अंतर्गत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करते हुए गोंदिया जिले ने वर्ष 2024 और 2025 में लगातार दूसरे वर्ष भी राष्ट्रीय क्षयरोग नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन में राज्य मे प्रथम स्थान हासिल किया है।***



केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर सभी जिलों की रैंकिंग की जाती है, जिसमें गोंदिया ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया।

20 अप्रैल को सहसंचालक (कुष्ठ व क्षय) कार्यक्रम डॉ. राजरत्न वाघमारे द्वारा सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से जारी पत्र में 1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक के कार्य तथा अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 तक के खर्च के आधार पर किए गए मूल्यांकन में गोंदिया जिले को राज्य में प्रथम स्थान मिलने की जानकारी दी गई।

इससे पहले 26 मार्च 2025 को जारी वर्ष 2024 की रैंकिंग में भी गोंदिया जिले ने 90 अंक प्राप्त कर राज्य में पहला स्थान हासिल किया था। इस प्रकार लगातार दो वर्षों से यह उपलब्धि हासिल करने वाला गोंदिया राज्य का एकमात्र जिला बन गया है। जिले में जिला क्षयरोग अधिकारी के नेतृत्व में 14 विभिन्न संकेतकों के आधार पर कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसमें मुख्य रूप से संभावित टीबी मरीजों की पहचान, मुफ्त जांच (थूक परीक्षण, एक्स-रे व अन्य लैब जांच), मरीजों को निःशुल्क उपचार, नियमित फॉलोअप, परामर्श, 'निक्षय' पोर्टल पर पंजीकरण, पोषण योजना का लाभ, सहवासियों की जांच तथा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान जैसे कई उपक्रम शामिल हैं।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. अभिजीत गोल्हार के नेतृत्व में टीमवर्क और गांव स्तर पर सूक्ष्म नियोजन के कारण यह सफलता मिली है। इस रैंकिंग में नंदुरबार दूसरे, जलगांव तीसरे, नांदेड़ चौथे और बुलढाणा पांचवें स्थान पर रहे हैं। भौगोलिक दृष्टि से सीमावर्ती, आदिवासी एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के बावजूद तथा स्वास्थ्य कर्मियों की कमी के बीच भी गोंदिया जिले ने योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर यह उपलब्धि हासिल की है। अधिकारियों के अनुसार जनजागृति, सर्वेक्षण और उपचार की त्रिसूत्री के आधार पर जिले ने यह सफलता प्राप्त की है।

जिलाधिकारी डॉ. मंगेश गोंदावले, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एम. मुरुगानंथम, अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर, उपाध्यक्ष एवं स्वास्थ्य सभापति सुरेश हर्षे सहित सभी अधिकारियों के मार्गदर्शन और स्वास्थ्य कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास से यह उपलब्धि संभव हो पाई है।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टैंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

### गोंदिया मे शासकीय मेडिकल कॉलेज की ईमारत पुरी गुणवत्ता के साथ

## समय पर पूर्ण करवाने सांसद प्रफुल पटेल ने पहल कर चिकित्सा शिक्षा मंत्री के साथ मुंबई में की बैठक

### चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ ने निर्माण एजेंसी को दिये दिशा निर्देश..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया में शासकीय मेडिकल कॉलेज की निर्माणाधीन इमारत का कार्य निर्धारित समय में पूर्ण हो तथा यह निर्माण अत्याधुनिक और उच्च गुणवत्ता वाला हो, इसके लिए सांसद प्रफुल पटेल ने सक्रिय पहल करते हुए एक बार फिर निर्माण कार्य की***

चिकित्सा शिक्षा मंत्री के साथ मुंबई में बैठक आयोजित कर समीक्षा की, वहीं समीक्षा में सभी पहलुओं पर गौर कर चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री मुश्रीफ ने अधिकारियों को उचित मार्गदर्शन भी प्रदान किया। मुंबई में आज 29 अप्रैल 2026 को राज्य के चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ से मुलाकात कर सांसद श्री पटेल की पहल पर उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारी भी शामिल रहे। बैठक में सांसद प्रफुल पटेल ने निर्माणाधीन इमारत के कार्य, व्यवस्थाओं और प्रस्तावित आधुनिक सुविधाओं की जानकारी लेते हुए कार्य को समय पर पूर्ण कर इमारत को गोंदिया के नागरिकों की सेवा हेतु उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। ज्ञात हो कि गोंदिया सहित पूरे जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ बनने जा रहे इस शासकीय मेडिकल कॉलेज की इमारत का कार्य वर्तमान में प्रगति पर है। जिसके संदर्भ में सांसद श्री पटेल ने बैठक में कहा कि यह कार्य केवल समय पर पूर्ण होना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह 'उच्च गुणवत्ता' और आधुनिक सुविधाओं से युक्त होना भी आवश्यक है। बैठक में सांसद श्री पटेल ने इस बात पर जोर दिया कि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए और इसे निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के लिए विभाग द्वारा तत्काल आवश्यक कदम उठाए जाएं, तथा कार्यों की प्रगति की समय समय पर समीक्षा भी हो, तथा इमारत की संरचना के साथ ही उसमें उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाएं विश्वस्तरीय स्तर की हों, ताकि विद्यार्थियों को उत्तम शिक्षा और मरीजों को अत्याधुनिक उपचार मिल सके। इसके लिए गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित कार्य करने का सांसद श्री पटेल ने आग्रह किया, साथ ही, चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा संबंधित ठेकेदार और एजेंसियों को कार्य की गुणवत्ता के संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए जाने की भी मांग की। बैठक के दौरान अधिकारियों को परियोजना के तकनीकी पहलुओं और निधि वितरण के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए गए। गौरतलब है कि गोंदिया जैसे नक्सल प्रभावित और पिछड़े जिले के लिए गोंदिया जिले का शासकीय मेडिकल कॉलेज भविष्य के लिये एक वरदान साबित होगा। सांसद प्रफुल पटेल के विशेष प्रयासों से गोंदिया में मेडिकल कॉलेज की ना सिर्फ सौगात मिलने जा रही है, बल्कि राज्य में सर्वाधिक राशि इस मेडिकल कॉलेज के भवन एवं उपकरणों के लिये स्वीकृत की गई है, ताकि गोंदिया जिले का शासकीय मेडिकल कॉलेज अन्य जिलों की तुलना में और अधिक बेहतर बनाया जा सके। सांसद प्रफुल पटेल के साथ इस बैठक में गोंदिया के विधायक विनोद अग्रवाल सहित स्वास्थ्य विभाग के सचिव, निदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### निर्माणाधीन नाट्यगृह के निर्माण कार्य को पूर्ण करने हेतु

## पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के प्रयासों से 14 करोड़ के आवंटन का आधिकारिक आदेश जारी..

### रंग लाया पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल का प्रयास, किया मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त..






जगप्रेरणा गोंदिया।

***पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के प्रयत्नों से गोंदिया शहर के निर्माणाधीन भव्य शासकीय नाट्यगृह ऑडीटोरियम के निर्माण कार्य को पुर्ण करने हेतु आज ता.29 अंततः राज्य सरकार ने आवश्यक 14 करोड़ रुपये की निधी को मंजुरी***

देकर आधिकारिक आदेश स्वरुप शासन निर्णय क्र. नपावै-2025-प्र.क्र.88-नवि-16-ई 1062867, दि. 29 अप्रैल 2026 को जारी कर दिए है, जिससे अब आगामी 2-3 माह में उक्त नाट्यगृह का निर्माण कार्य पूर्ण होने की प्रबल संभावना है। इस हेतु पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने राज्य के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का आभार व्यक्त किया है।

उल्लेखनीय है कि, गत मार्च 2026 में पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के अनुरोध पर, मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने गोंदिया शहर रेलटोली स्थित निर्माणाधीन, सांस्कृतिक नाट्यगृह ऑडीटोरियम के निर्माण कार्य को पूर्ण करने हेतु, गोंदिया न.प. द्वारा मांगी गई 14 करोड रुपये की अतिरिक्त निधी तत्काल आंवटीत करने के निर्देश नगर विकास मंत्री तथा उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, प्रधान सचिव नगर विकास एवं प्रधान सचिव वित्त विभाग को देते हुए, अप्रैल माह में ही उक्त निधी गोंदिया न.प. को दे देने के स्पष्ट निर्देश दिए थे।

गोंदिया शहर में भव्य नाट्यगृह ऑडीटोरियम का निर्माण पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल का महत्वपूर्ण संकल्प रहा है और इस हेतु उन्होंने गुजराती स्कूल के बाजू में रेलटोली स्थित जिला परिषद की मालकी की उक्त जगह गोंदिया नगर परिषद को निशुल्क उपलब्ध कराई तथा राज्य सरकार से आधुनिकतम नाट्यगृह निर्माण कार्य मंजूर कराया और निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। विशेष है कि उक्त नाट्यगृह पूर्ण रुप से वातानुकुलित रहेंगा जिसके संचालन, विद्युत खर्च एवं मरम्मत खर्च की पूर्ति के लिए तत्कालीन विधायक गोपालदास अग्रवाल ने नाट्यगृह के एक ओर नगर परिषद शॉपिंग काम्प्लैक्स के निर्माण हेतु सरकार से मंजूरी दिलाई है। जिला नाट्यगृह को उत्कृष्ट एवं विश्व स्तरीय डिजाईन किए जाने के लिए तत्कालिन विधायक गोपालदास अग्रवाल ने देश के जाने-माने एवं मुंबई के वानखेडे स्टेडियम जैसे भव्य निर्माण कार्य के वास्तुकार श्री शशी प्रभु से वास्तु डिजाईन कराई है। नगर परिषद इंजीनियरों के साथ-साथ कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए वास्तुकार श्री शशी प्रभु के प्रतिनिधी भी निर्माण कार्य की जांच समय-समय पर करते रहे है। नाट्यगृह में 1000 दर्शकों के लिए बैठने की व्यवस्था के साथ-साथ 30 से अधिक दुकानगाड़ो का निर्माण किया गया है।

2014 में राज्य में बदली राजनैतिक परिस्थिती के बाद निधी के अभाव में निर्माण कार्य की गती धीमी पड़ी, जिससे निर्माण लागत बढ़ी, वहीं आधुनिक तकनीक के निरंतर उन्नत होने से भी कुछ निर्माण लागत बढ़ी है, यह विशेष उल्लेखनीय है। अतः अत्याधुनिक नाट्यगृह निर्माण हेतु मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के अनुरोध पर तत्काल 14 करोड रुपये की निधी आवंटीत करने के निर्देश उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित शासन के संबंधित आला-अधिकारियों को दिए है, यह विशेष उल्लेखनीय है।

## घर-घर जाकर जनगणना करने वाले कर्मचारियों को नागरिक सहयोग करें.. - जिलाधिकारी डॉ. मंगेश गोंदावले

जगप्रेरणा गोंदिया।



***भारत सरकार द्वारा वर्ष 2027 में जनगणना कराने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत गोंदिया जिले में 1 से 15 मई 2026 के दौरान स्व-गणना और 16 मई से 14 जून 2026 के बीच घर-घर जाकर जनगणना की जाएगी। इस संबंध में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में***

जिलाधिकारी डॉ. मंगेश गोंदवाले ने नागरिकों से पूर्ण सहयोग की अपील की। जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में निवासी उप जिलाधिकारी एवं जिला जनगणना अधिकारी भैय्यासाहेब बेहेरे तथा जनगणना जिला समन्वयक जितेंद्र कुमार भी उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ. गोंदावले ने बताया कि इस प्रक्रिया के अंतर्गत जिले के प्रत्येक घर और व्यक्ति का सटीक पंजीकरण किया जाएगा, जो शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और विकास योजनाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। पत्रकारों को जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि गोंदिया जिले में कुल 16 जनगणना कार्यालय स्थापित किए गए हैं, जिनमें 8 तहसील कार्यालय, 3 नगर परिषद कार्यालय और 5 नगर पंचायत कार्यालय शामिल हैं। जिले में 2250 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक बनाए गए हैं। इसके लिए 1 मास्टर ट्रेनर, 44 फील्ड ट्रेनर, 2392 प्रगणक और 409 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है।

1 मई 2026 से स्व-गणना प्रक्रिया शुरू होगी, जिसमें नागरिक वेबसाइट के माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी सुरक्षित रूप से दर्ज कर सकेंगे। इसके अलावा, घर-घर आने वाले प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को सही और सटीक जानकारी देना आवश्यक है। नागरिकों द्वारा दी गई जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और उसका उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए ही किया जाएगा। जनगणना 2027 का पहला चरण 16 मई से 14 जून 2026 तक चलेगा, जिसमें प्रत्येक घर से 33 प्रकार के प्रश्न पूछकर घर की स्थिति, सुविधाएं और अन्य मूलभूत जानकारी एकत्र की जाएगी।

जिलाधिकारी डॉ. मंगेश गोंदावले ने कहा कि जनगणना केवल एक सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसलिए गोंदिया जिले के नागरिकों से इस राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय भागीदारी की अपील की गई है।

## मजीतपुर के नव निर्वाचित सरपंच का पूर्व विधायक राजेंद्र जैन ने किया सत्कार..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया जिले में 28 अप्रैल को संपन्न ग्राम पंचायत के उप चुनाव में ग्राम मजीतपुर में सरपंच पद के चुनाव परिणाम 29 अप्रैल को घोषित किये गए, जिसमें राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार श्री शांतनु पारधी ने अपने प्रतिद्वंदी उम्मीदवारों को हराकर बाजी मार ली, और ग्राम पंचायत में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का झंडा बुलंद किया।***

सरपंच शांतनु पारधी की जीत के उपरांत राष्ट्रवादी कांग्रेस भवन रेलटोली गोंदिया में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की ओर से पूर्व विधायक श्री राजेंद्र जैन ने नवनिर्वाचित सरपंच का पुष्पहार पहनाकर सत्कार किया, एवं अपने ग्राम विकास बेहतर विकास करने एवं जन जन के बीच लोकप्रिय सरपंच बनकर जनसेवा में अग्रणी रहने की शुभकामनाएं भी दी।

इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन के साथ ही सर्व श्री सुरेश हर्षे, राजू भाऊ कटरे, रवि पटले, केतन तूरकर, शांतनु पारधी, कृष्णकुमार पटले, रणजीत टेंभरे, हौसीलाल पारधी, हितेश पतेह, शोभेलाल बिसेन, गोविंद येरने, संतोष येरने, सुनील पटले, शैलेष वासनिक, राजेश तायावाडे, आरिफ पठान गोविंद लीचडे, मोनू सेख, भुवन भगत, सुशील टेकाम, संजय बावनकर, गिरीश बावनकर, मनोज राउत और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

***बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।***




अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
■ (IUI) आय.यू.आय.
■ अधिक उम्र में मातृत्व
■ ओव्हम डोनेशन द्वारा
■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
■ शुक्राणु बैंक सुविधा
■ सोनोग्राफी
■ हार्मोस की जांच
■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज
■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

गोंदिया शहर में दैनिक जगप्रेरणा की प्राप्ति हेतु संपर्क करें..
जग प्रेरणा
चौरसिया पान सेंटर
जय स्तंभ चौक बस स्टॉप, गोंदिया
मो. 08806083231




SONO VIEW
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
● M.R.I.
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन व एम.आर.आई. क्लिनिक
तुरकर SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN, M.R.I. क्लिनिक
सिव्हिल लाईन, गोंदिया फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com SONOGRAPHY C.T./M.R.I.

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com